

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 20 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष -42 ■ अंक-022 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## जग्गी हत्याकांड: अमित जोगी की दोनों याचिकाओं पर 23 को सुनवाई

### आत्मसमर्पण पर सुको का रियायत देने से इंकार

**बिलासपुर,20 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ एनसीपी नेता स्व रामअवतार जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग याचिका दायर की है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के डिवीजन बेंच में याचिका की सुनवाई हुई। डिवीजन ने याचिका की सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तिथि तय कर दी है। बता दें, हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी को मास्टर माइंड करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हाई कोर्ट ने तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का निर्देश दिया है।

बता दें, हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने को चुनौती देते हुए अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील पेश की है। इसके अलावा अमित की ओर से एक और याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। अमित जोगी ने याचिका दायर कर हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक सरेंडर करने पर स्थगन की मांग की है। सुनवाई के दौरान अदालत में मृतक रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी के वकील खड़े हुए थे। इस बेंच ने सरेंडर करने से किसी रियायत देने से मना कर दिया और कहा, जिस जज के चेंबर में यह आवेदन लगाया गया है वही इसका फैसला करेंगे। अमित जोगी ने अपने फेसबुक वॉल पर लिखा है, सर्वोच्च न्यायालय ने आज दोनों मामलों को एक साथ टैग कर दिया है 25 मार्च 2026 के लीव टू अपील आदेश के विरुद्ध मेरी




एसएलपी और 02 अप्रैल.2026 के उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध वैधानिक अपील, दोनों मामलों की संयुक्त सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की गई है। अमित ने लिखा है, मेरी ओर से आज वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, विवेक तन्ख, सिद्धार्थ दवे तथा शशांक गर्ग उपस्थित हुए।

एनसीपी के नेता स्व रामअवतार जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया है। निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए हाई कोर्ट ने हत्याकांड के प्रमुख आरोपी अमित जोगी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। आजीवन कारावास के साथ ही एक हजार रुपये जुर्माना किया। जुर्माने की राशि ना पटाने पर छह महीने अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा दी है। फैसले की खास बात ये कि डिवीजन बेंच ने सतीश जग्गी की याचिका को खारिज कर दिया है। 78 पेज में डिवीजन बेंच का यह फैसला आया है।

याचिकाकर्ता सतीश जग्गी के अधिवक्ता बीपी. शर्मा ने डिवीजन बेंच को बताया, सुप्रीम कोर्ट ने मामले को पुनर्विचार के लिए वापस छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट भेज दिया है। सीबीआई की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वैभव ए. गोवर्धन और राज्य की ओर से उपस्थित उप महाधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडे ने संयुक्त रूप से निवेदन किया कि राज्य ने 31 मई 2007 को आवेदन पेश कर निचली अदालत द्वारा पारित बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील करने की अनुमति मांगी थी। उक्त आवेदन को इस न्यायालय की समन्वय पीठ ने 18 अगस्त 2011 को इस आधार पर खारिज कर दिया था, सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे मामले में राज्य द्वारा दायर अपील की अनुमति के लिए आवेदन स्वीकार्य नहीं है।

## 'हम विश्वगुरु नहीं हैं, भारत कभी था विश्वगुरु':मुरली मनोहर

**नई दिल्ली,20 अप्रैल।** आपने पीएम नरेंद्र मोदी के भाषणों में हमेशा दो शब्दों 'भारत विश्वगुरु' है, का इस्तेमाल करते सुना होगा। वही शब्दों पर बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने ऐसा बयान दिया है जो चर्चा का विषय बन गया है। भारत आज एक 'विश्वगुरु' है के सवाल पर मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि 'विश्व गुरु' शब्द हमें नहीं बोलना चाहिए। हम विश्व गुरु नहीं हैं। भारत कभी विश्वगुरु था। उन्होंने आगे कहा कि 'विश्व गुरु' होना चाहिए. मगर आज हम विश्व गुरु हैं ऐसा नहीं है। लेकिन संस्कृत उस दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अभी नासा के लोग बार-बार कहते हैं कि संस्कृत संप्रेषण की सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मैं यह समझता हूं कि भारत की अभूतपूर्व देन होगी अगर हम संस्कृत को विश्व संप्रेषण की भाषा जल्द से जल्दी बनाया जाए। क्योंकि इसी भाषा में वो शक्ति है जो बहुत बड़े ज्ञान के समुंद्र को एक सीपी में बंद कर सकती है। देश के युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि वह



संस्कृत सीखें। संस्कृत में भाषण करना सीखें, लिखना सीखें और संस्कृत साहित्य को पढ़ें और संस्कृत में जो ज्ञान है जो पढ़ें। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के सभी महत्वपूर्ण लोगों ने इस बात को कहा है। मुरली मनोहर जोशी ने संस्कृत पर बात करते हुए कहा कि परमाणु बम का विस्फोट करने वाले वैज्ञानिक ओपन हाइमर ने जब विस्फोट को देखा तो उसके मुंह से सबसे पहले गीता का वह श्लोक निकला जिसमें भगवान कृष्ण के विराट रूप का दर्शन हो. उसने यह कहा कि विस्फोट देखकर मुझे विराट रूप का दर्शन हो गया। पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि इसलिए संस्कृत को बहुत सारे विद्वानों और वैज्ञानिकों ने पढ़ा है। उसके ज्ञान और सामर्थ्य को भी देखा है।

## 'देश के बंटवारे के लिए मुसलमान नहीं, कांग्रेस जिम्मेदार,' : ओवैसी

**नई दिल्ली, 20अप्रैल।** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने देश के बंटवारे के लिए कांग्रेस पर हमला बोला है। गुजरात के लिंबायत मेंजनसभा को संबोधित करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि देश के बंटवारे के लिए मुसलमान नहीं, कांग्रेस जिम्मेदार है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा को रोकने का दम सिर्फ एआईएमआईएम में है। जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि वोट एक अमानत है, वोट का इस्तेमाल अपने जमात के लिए करो. वोट का इस्तेमाल करो ताकि गुजरात में हम बता दें कि हम लावारिस नहीं हम इंसान हैं। हमारी आवाज को सुना जाएगा. औवैसी ने कहा कि याद रखो नौजवानों बात उसी की सुनी जाएगी, जिसका लीडर होगा। अगर तुम सोचते हो कि कांग्रेस पार्टी को वोट डालने से हम बीजेपी को रोक सकते हैं तो ऐसा नहीं है। ओवैसी ने उन आरोपों को गलत बताया कि उनके चुनाव लड़ने से भाजपा को फायदा होता है। देश के बंटवारे पर अपने संबोधन में ओवैसी ने स्वतंत्रता सेनानी और भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुस्तक 'इंडिया विन्स फ्रीडम' का जिक्र करते हुए कई महत्वपूर्ण दावे किए।ओवैसी ने कहा कि मौलाना आजाद ने अपनी किताब में साफ तौर पर लिखा है कि वे गांधी जी और नेहरू जी के पास गए थे और उनसे हाथ जोड़कर गुहार लगाई थी कि भारत का विभाजन न होने दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का आम मुसलमान कभी भी देश का बंटवारा नहीं चाहता था। ओवैसी ने सवाल उठाया, "क्या कांग्रेस पार्टी उन लोगों में शामिल नहीं है जो विभाजन के लिए जिम्मेदार थे?

### जापान में 7.4 का भीषण भूकंप, झूल गईं इमारतें

**टोक्यो,20 अप्रैल।** जापान में सोमवार सुबह भीषण भूकंप आया है, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.4 रही। जापान के मौसम विभाग ने सुनामी की चेतावनी जारी कर दी है। इसमें तटीय क्षेत्रों के पास रहने वाले लोगों को तत्काल सुरक्षित निकालने की अपील की गई है। वहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि इस प्राकृतिक आपदा को लेकर एक खास टीम गठित कर दी गई है। इससे पहले साल 2011 में जापान में 9.0 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 18 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी।

मौसम विभाग ने कहा है कि भूकंप जापान के उत्तरी हिस्से में आया है। विभाग ने कहा है कि इसके असर से सुनामी आ सकती है, जिसकी लहरें करीब 10 फीट ऊंची उठने की आशंका है। भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजकर 53 मिनट पर आया था। उत्तरी इवाते प्रान्त के प्रशांत महासागर वाले क्षेत्र में आए इस भूकंप का असर काफी दूर तक देखा गया। इसके झटके इतने तेज थे कि सैकड़ों किलोमीटर दूर टोक्यो की बड़ी इमारतें भी हिल गईं। विभाग ने कहा है कि सुनामी की लहरे कुछ समय में ही उत्तरी तट तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा, 'तटीय क्षेत्रों और नदी के किनारे वाले इलाकों से तुरंत सुरक्षित स्थान जैसे कि ऊंचे मैदान या सुरक्षित इमारत में चले जाएं।' मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि सुनामी की लहरों के कारण बड़े स्तर पर नुकसान हो सकता है। मौसम विभाग ने कहा, 'आशंका जताई जा रही है कि सुनामी की लहरें बार-बार तट से टकरा सकती हैं।

## भारत आने वाले जहाज पर ईरान ने की गोलीबारी

**नई दिल्ली,20 अप्रैल।** एक तरफ ईरान ने पाकिस्तान के बंकर इन चीफ असीम मुनीर को गले लगाया तो दूसरी तरफ स्टेट ऑफ हॉर्मोस में दो भारतीय जहाजों पर फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद ईरान अब बयानबाजी कर रहा है कि यह सब कुछ कंफ्यूजन में हो गया। बता दें कि जिस वक्त ईरान ने भारत आने वाले जहाज पर फायरिंग की, तो उस जहाज के कैप्टन ने ईरान को एक ऑडियो मैसेज भेजा। दरअसल, यह फायरिंग तब हुई जब ईरान ने अमेरिकी नाकाबंदी के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा बंद करने का ऐलान कर दिया। जिस वक्त ईरान ने यह ऐलान किया, उस वक्त दो जहाज भारत की तरफ आ रहे थे। इन दोनों जहाजों को भारत आने की इजाजत भी थी, लेकिन इसके बावजूद ईरान के सैनिकों ने इन जहाजों पर गोली चला दी। इन दोनों जहाजों को अपना रास्ता बदलने और पश्चिम की ओर वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ गया। आपको बता दें कि इन जहाजों में 20 लाख बैरल इराकी तेल लदा था। हैरानी की बात देखिए कि भारत सरकार दो बार ईरान के लोगों को भारी मात्रा में राहत सामग्री भेज चुकी है। लेकिन इसके बावजूद ईरान ने भारत की तरफ आने वाले जहाज पर गोली चलाई। ईरान की इस घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने रात में ही ईरान के राजदूत को तलब कर लिया। उनसे पूछा गया कि ऐसी घटना क्यों की गई है?



बहरहाल, जहाज के कैप्टन ने ईरान के सैनिकों से कहा कि आपने मुझे जाने की मंजूरी दी थी। लेकिन आप फिर भी मेरे जहाज पर गोलियां चला रहे हैं। ऐसा मत कीजिए। मुझे वापस जाने दीजिए। अब आप ही बताइए कि क्या ईरान ने भारत से गद्दारी नहीं की है? यह बात सही है कि ईरान और भारत के बीच सदियों पुराना रिश्ता रहा है। भारत और ईरान की सभ्यताओं के बीच भी रिश्ता जरूर रहा होगा। लेकिन जब से ईरान पर इस्लाम हावी हुआ उसके बाद से भारत और ईरान के बीच रिश्ते सिर्फ व्यापारिक ही रहे हैं। ऐसे में जब भी कोई लिबरल और वामपंथी ईरान की गलतियों पर पर्दा डालते हुए आपसे यह कहे कि हमारे ईरान से रिश्ते काफी पुराने हैं तो इमोशनल होने की बजाय आप उन वामपंथियों को यह बता दीजिएगा कि ईरान से रिश्ते जरूर रहे होंगे, लेकिन ईरान की गद्दारी हम नहीं झेलेंगे।

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने बनाया हर्बल सैनेटाइजर

**बलौदाबाजार,20 अप्रैल।** शासकीय दाउ कल्याण सिंह महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने एक प्रभावी हर्बल सैनेटाइजर तैयार किया है। इस सैनेटाइजर के निर्माण में प्राकृतिक तत्वों जैसे नीम, तुलसी, एलोवेरा एवं नींबू का उपयोग किया गया है, जो त्वचा के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ जीवाणुरोधी गुण रखते हैं। इस परियोजना का उद्देश्य बाजार में उपलब्ध रासायनिक सैनेटाइजर के विकल्प के रूप में एक सस्ता, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद विकसित करना है। प्रयोगशाला परीक्षणों में पाया गया कि यह सैनेटाइजर हाथों को साफ रखने में प्रभावी है तथा बार-बार उपयोग करने पर त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाता। डॉ. ज्योति दीवान के दिशा निर्देश एवं विभागाध्यक्ष गणेश राम कुर्रे, डॉ. आकांक्षा एक्का व रुपेश देवांगन सहायक प्राध्यापक के कुशल मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने हर्बल सैनिटाइजर का निर्माण किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके



उपाध्याय ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आगे भी ऐसे नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। एमएससी रसायन के सभी छात्र-छात्राओं मधु, शालिनी, शोभना, तेजस्वी, तेजस्विनी, पूजा, प्रीति वर्मा,निधि, नेहा, तरूण, धनेश्वर, शांति, सुमनलता, सोनम, जागृति,चंद्रानी,दीप्ति ,निकिता,देवेश, विनिका, तैय्यब सभी ने प्राचार्य को अपने हर्बल सैनिटाइजर की संपूर्ण जानकारी दी एवं विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी सभी मिलकर नए पदार्थों का निर्माण करने की कोशिश करेंगे।

## थाने में एएसआई ने फरियादी को जड़े 20 थप्पड़,निलंबित

**बिलासपुर,20 अप्रैल।** बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना परिसर से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां कानून के रखवालों पर ही कानून तोड़ने का आरोप लगा है। थाने के अंदर एक एएसआई द्वारा फरियादी की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी एएसआई का नाम दिनेश तिवारी है, जबकि पीड़ित युवक विनोद जायसवाल बताया जा रहा है। घटना 12 अप्रैल की बताई जा रही है, जिसका वीडियो अब वायरल होने के बाद चर्चा का केंद्र बन गया है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एएसआई दिनेश तिवारी थाने के अंदर ही फरियादी को लगातार थप्पड़ मार रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फरियादी को 15 से 20 थप्पड़ मारे गए, जिससे थाना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि पीड़ित विनोद जायसवाल लंबे समय से अपनी शिकायत की जांच रिपोर्ट के लिए थाने के चक्कर काट रहे थे। आरोप है कि एएसआई ने रिपोर्ट तैयार करने के नाम पर उनसे पैसे भी लिए थे। बावजूद इसके जब काम में देरी हुई और फरियादी ने सवाल उठाए, तो एएसआई ने अपना आपा खो दिया और थाने के भीतर ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान थाने में मौजूद प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी अंशिका जैन ने मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप किया। उन्होंने स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया और मामला शांत कराया। उनके समय पर हस्तक्षेप से स्थिति और ज्यादा बिगड़ने से बच गई।वीडियो वायरल होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके आदेश पर आरोपी एएसआई दिनेश तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है.

## जम्मू-कश्मीर : सड़क हादसे में 15 की मौत

**श्रीनगर,20 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। ऊधमपुर के रामनगर के कागोत इलाके में यात्रियों से भरी बस सड़क से 100 फीट नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं 20 लोग हो गए। घायलों की कई लोगों की स्थिति नाजुक है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। मौके पर कई एंबुलेंस भेजी गई हैं और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोग और बचाव दल मौके पर राहत कार्य में जुटे हुए हैं। पुलिस के अनुसार बस रामनगर से उधमपुर की ओर जा रही थी, तभी जालो क्षेत्र के पास अचानक यह हादसा हुआ। दुर्घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है और मामले की जांच की जा रही है। चश्मदीदों के मुताबिक यह हादसा रैश और नेग्लीजेंट ड्राइविंग का है। एक मोड पर बस का टायर फट गया जिसके बाद तेजी



से आ रही बस बेकाबू हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। बचाव अभियान तुरंत शुरू कर दिया गया है।

### ट्रायल कोर्ट के उम्र कैद के फैसले को यथावत रखा

## महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध से हाईकोर्ट से चिंतित

**बिलासपुर,20 अप्रैल।** दुष्कर्म के एक मामले में निचली अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा को चुनौती देते हुए दायर अपील पर हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस तरह के मामलों को लेकर गहरी चिंता जताई। डिवीजन बेंच ने कहा, यह गहरी चिंता की बात है, महिलाओं के खिलाफ अपराध, खासकर रेप के मामले बढ़ रहे हैं और हम महिलाओं के अधिकारों का जश्न मना रहे हैं। डिवीजन बेंच ने इस टिप्पणी के साथ दुष्कर्म के आरोप की अपील को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के उम्र कैद के फैसले को यथावत रखा है। डिवीजन बेंच ने अपीलकर्ता एवं राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ताओं के पक्ष को



सुनने, मौजूदा रिकार्ड के अवलोकन के बाद सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्यायदृष्टांतों का उल्लेख करते हुए कहा है, आमतौर पर महिलाओं के खिलाफ अपराध और खासकर रेप के मामले बढ़ रहे हैं। यह अजीब बात है, जब हम हर तरह से महिलाओं के अधिकारों का जश्न मना रहे हैं, तो हम उनके सम्मान के लिए बिल्कुल भी चिंता नहीं दिखाते हैं। महिलाओं के सम्मान के प्रति हमें चिंता करनी होगी। कोर्ट ने कहा, यह सेक्स क्राइम के पीड़ितों की मानवीय गरिमा का उल्लंघन, समाज के बेपरवाह रवैये की एक दुखद झलक है। रेप के आरोप में आरोपी पर मुकदमा चलाते समय कोर्ट की एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्हें ऐसे मामलों को पूरी संवेदनशीलता के साथ देखना चाहिए। कोर्ट को किसी केस की बड़ी संभावनाओं की जांच करनी चाहिए और प्रॉसिक्यूटर के बयान में छोटी-मोटी उलझनों या मामूली अंतर से प्रभावित नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कहा, अगर प्रॉसिक्यूटर के सबूत भरोसा दिलाते हैं, तो उसके बयान की ज़रूरी बातों की पुष्टि किए बिना उस पर भरोसा किया जाना चाहिए। अगर किसी वजह से कोर्ट को उसकी गवाही पर पूरी तरह भरोसा करना मुश्किल लगता है, तो वह ऐसे सबूत देख सकता है जो उसकी गवाही को भरोसा दे सकें। प्रॉसिक्यूटर की गवाही को पूरे केस के बैकग्राउंड में समझा जाना चाहिए और ट्रायल कोर्ट को अपनी ज़िम्मेदारी के प्रति जागरूक होना चाहिए। कोर्ट ने कहा, सेक्सुअल छेड़छाड़ से जुड़े मामलों से निपटते समय संवेदनशील होना चाहिए।

डीएनए रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई है और एफएसएल रिपोर्ट में पीड़िता के वजाइनल स्वैब पर कोई स्पर्म और सीमेन नहीं मिला, लेकिन यह देखते हुए कि साइंटिफिक रिपोर्ट सिर्फ एक राय है और यह पीड़िता और चश्मदीद गवाह के सबूतों पर कोई अहमियत नहीं देती, इसलिए अपील करने वाले को इन रिपोर्टों का कोई फायदा नहीं दिया जा सकता। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, रिकॉर्ड पर मौजूद सभी सबूतों और ट्रायल कोर्ट के फैसले को देखने और पार्टियों के वकीलों की दलीलों पर विचार करने के बाद, हमारी यह राय है, ट्रायल कोर्ट ने अपीलार्थी को किए गए अपराध के लिए जो सज़ा दी है, उसमें कोई गैर-कानूनी या गलत काम नहीं है। अपीलार्थी के खिलाफ उस अपराध में उसे दोषी ठहराने के लिए काफी और भारी सबूत हैं।

## याचिका पर भड़के सीजेआई सूर्यकांत- एंट्री ही बैन कर देंगे

**नई दिल्ली,20अप्रैल।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्र पुत्र' घोषित किया जाए। इसके अलावा उनके बनाए संगठन आजाद हिंद फौज को भारत की स्वतंत्रता का क्रेडिट दिया जाए। ऐसी मांग के साथ सुप्रीम कोर्ट में आज एक याचिका दाखिल की गई, जिसे बेंच ने खारिज कर दिया। यही नहीं जनहित याचिका दाखिल करने वाले वकील को भी अदालत ने आड़े हाथों लिया है और कहा कि आप में सुधार नहीं आ सकता। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की अदालत ने कहा कि आप कोर्ट का समय खराब कर रहे हैं।

याचिकाकर्ता पी. मोहंती से कहा कि आपने हमेशा ऐसा ही काम किया है। इस तरह की अर्जियां आपकी ओर से पहले भी दाखिल की गई हैं। बेंच ने कहा कि यदि आपके रवैये में सुधार नहीं आया तो फिर हम सुप्रीम कोर्ट में आपकी एंट्री पर ही बैन लगा देंगे। यही नहीं चीफ जस्टिस ने फटकार लगाते हुए कहा कि आप पहले भी इस तरह की मनमानी अर्जियां दाखिल करके रहे हैं। ऐसा करना सही नहीं है और इससे अदालत का समय खराब होता है।

# श्रीराम कृष्ण पब्लिक स्कूल के दसवीं बोर्ड में 15 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत लाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,20 अप्रैल।** कवर्धा के सर्वश्रेष्ठ सी.बी.एस.ई. विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपने चिरपरिचित शैली को बनाए रखते हुए इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम स्थापित किया। विदित हो कि विद्यालय के 15 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत अर्जित करके श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बढ़ते कीर्तिमान को स्थापित किया। इस वर्ष परीक्षा परिणाम की बात की जाए तो परिणाम शत प्रतिशत रहा। टॉपर्स में कल्प जैन 97.4 प्रतिशत मेघा सिन्हा 97 प्रतिशत , पिहू चन्द्रवंशी 95.6 प्रतिशत पूर्वी चन्द्रवंशी 94.4त्र प्रतिशत कनक मिश्रा 94.2 प्रतिशत , आयुष मिश्रा 93.6 प्रतिशत , पुरूषोत्तम वर्मा 93.2 प्रतिशत , नीलम आनंद 93.2 प्रतिशत , जान्हवी चन्द्रवंशी 93 प्रतिशत , भूपेन्द्र वर्मा 92.2 प्रतिशत



,आदित्य नारायण 91.8 प्रतिशत , यशराज खरे 91.6 प्रतिशत , आर्या त्रिपाठी 91.2 प्रतिशत , नवीन राजपूत 90.6 प्रतिशत और यश साहू 90.4 प्रतिशत रहे। इस सफलता पर संस्था के डायरेक्टर डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी ने कहा कि श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल प्रदान करने का प्रयास सतत् रूप से किया जाता है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण परीक्षा परिणाम के रूप में निकल कर आया है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा ने बच्चों की सफलता हेतु बधाईयाँ देते हुए कहा कि यह छात्र/छात्राओं के बेहतरीन परिश्रम के साथ, शिक्षक/शिक्षिकाओं के लगातार सजगता का ही परिणाम है। सभी सफल छात्र/छात्राओं को संपूर्ण विद्यालय परिवार ने खूब बधाईयाँ दी। कल्प जैन , पीहू चंद्रवंशी , कनक मिश्रा ने सपनों के सवाल पर कहा की डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहते है और मेघा सिन्हा ने बताया की इंजीनियर बनना सपना है ।

### नारी शक्ति विरोध से कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ:खूबचंद पारख

**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने एनडीए द्वारा संसद में लाए गए नारी शक्ति अधिनियम बिल का विपक्षी पार्टी कांग्रेस व उनके साथियों द्वारा लोकसभा में पारित नहीं होने देने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कांग्रेस की शुरू से ही महिला विरोधी मानसिकता रही है।पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक महिलाओं के 30 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में बिल पास नहीं होने दिया। महिलाओं को संसद में आने से रोकने के लिए तरह-तरह के उपक्रम किए। उन्हें परकटी तक कहा गया। जो महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक है।आज जब देश की आधी आबादी महिला शक्ति हर क्षेत्रों में झंडे गाड़ रही है ।

## समाचार संक्षेप

### गुड्डा-गुड़िया विवाह कर धूमधाम से मनाया गया अक्ती तिहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 20 अप्रैल।** बच्चों ने अक्ति त्यौहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जहाँ बच्चों ने गुड्डा गुड़िया विवाह कर पारम्परिक रस्मों के जरिये संस्कृति को जीवंत किया। बच्चों ने पारंपरिक विवाह की झलक पेश करते हुए चूलमाटी, हल्दी, बारात और पुतरा-पुतरी (गुड्डा गुड़िया) के विवाह की रस्मों को बेहद आकर्षक तरीके से निभाया। बच्चों के द्वारा पूरे विधि विधान से पुतरा-पुतरी का विवाह कराया गया जिसमें टीकावन की रस्म भी निभाई गई। बच्चों ने इस आयोजन के माध्यम से पारंपरिक रीति रिवाज को न केवल सीखा बल्कि उन्हें जीवंत रूप में अनुभव भी किया।

**समृद्धि और सौभाग्य का पर्व है अतिथि तिहार** - अक्ति तिहार जिसे अक्षय तृतीया के नाम से भी जाना जाता है छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख पारंपरिक पर्व है यह बैसाख शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है और इसे नए कृषि सत्र की शुरुआत समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है इस दिन मिट्टी के गुड्डे गुड़ियों का विवाह, कृषि उपकरणों की पूजा, और माटी पूजन की परंपरा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन आरंभ किया गया कार्य अक्षय फल प्रदान करता है।

## एक नजर

### क्लब पर पुलिस ने मारा छापा



**भिलाई, 20 अप्रैल (तछसं.)।** देर रात लिस्टोमेनिया किचन एंड क्लब में पुलिस की दबिश में खुलासा हुआ कि अवैध रुप से बड़े आसानी से ग्राहकों को बीयर उपलब्ध कराया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 64 बोतल स्टॉक कंपनी की बीयर कुल 41.600 बल्क लीटर जब्त की है स्मृति नगर प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान देर रात पुलिस टीम टी-सूर्यामाल जुनवानी स्थित लिस्टोमेनिया किचन एंड क्लब की जांच की?जांच के दौरान पाया गया कि क्लब संचालन का निर्धारित समय समाप्त होने के बाद संचालक अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से क्लब की छत पर बीयर छिपाकर रखी गई थी तथा ग्राहकों को अवैध रूप से उपलब्ध कराई जा रही थी। मौके पर आरोपी संजय गुप्ता (41 साल ) निवासी सेक्टर-04 को पकड़कर उसके कब्जे से 64 बोतल बीयर जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है ।

### सट्टा खेलाने के आरोप में एक गिरफ्तार



**भिलाई, 20 अप्रैल (तछसं.)।** पुरानी भिलाई पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा पट्टी एवं सट्टा से प्राप्त नगद राशि जब्त किया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि थाना पुरानी भिलाई पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गतवा तालाब शांतिपारा पुरानी भिलाई के पास अंकों के दांव पर रुपये पैसों का लेनदेन कर सट्टा खिला रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर दबिश दी। जहां आरोपी अविनाश ढ़ीमर (28 साल ) निवासी शांतिपारा, पुरानी भिलाई को सट्टा खेलाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

### सट्टा खेलाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 20 अप्रैल (तछसं.)।** कल्याण एवं राजधानी नामक सट्टा गेम में अंकों पर रुपए.पैसों का दांव लगाकर अवैध सट्टा संचालन में संलिप्त एक आरोपी को वैशाली नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त मोबाइल जब्त किया है पुलिस ने पूर्व में पंजीबद्ध अपराध में सहयोगी आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है वैशाली नगर थाना प्रशांत मिश्रा ने बताया कि थाना वैशालीनगर क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर से सूचना मिली कि जवाहर नगर पुलिया के पास कुछ व्यक्तियों ने कल्याण एवं राजधानी नामक सट्टा गेम में अंकों पर रुपये.पैसों का दांव लगाकर अवैध सट्टा खेला एवं खिलाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई एवं एक आरोपी को पकड़ा। इसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी संतोष शर्मा उर्फ संतन 40 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड न्यू हाउसिंग बोर्ड कैलाशनगर थाना जामुल जिला दुर्ग को चिन्हित कर रविवार को गिरफ्तार किया है।

# तेलुगु कल्याण समिति की बैठक में जरूरतमंद को सिलाई मशीन भेंट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 20 अप्रैल ।** तेलुगु कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक सुपेला में आयोजित की गई। बैठक में समिति के संरक्षक डी. मोहन राव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष अप्पाराव, महासचिव पी. राजू, कोषाध्यक्ष एल. पोतन्ना, उपाध्यक्ष एम. तम्माराव, उप महासचिव के. केशव राव, एल. नेताजी राव, उपाध्यक्ष व्ही. कन्नाराव, सचिव के. धनराजू, एम. कृष्णा राव, के. मुकेश तथा श्रीनिवास राव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष अप्पाराव ने बताया कि समिति द्वारा अब तक कई जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की जा चुकी है। इसी क्रम में एक और महिला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन प्रदान की गई। समिति के संरक्षक डी. मोहन राव ने कैंप-1 निवासी चंद्रावती को सिलाई मशीन भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंद महिलाओं को सहयोग प्रदान करना अत्यंत सराहनीय पहल है और भविष्य में भी समिति द्वारा इस प्रकार के कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे।

# मौसम का पारा चढ़ा गीष्म लहर की चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 20 अप्रैल।** पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन दर्ज नहीं किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ क्षेत्रों में अगले 2 दिनों तक ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। इसके साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश से झारखंड और तटीय ओडिशा तक समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर ऊपर उत्तर-दक्षिण द्रोणिका सक्रिय है, जिसका प्रभाव प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है। प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वहीं कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के बाद भी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा, हीटवेव और तेज हवाओं का प्रभाव बना रह सकता है। राजधानी रायपुर में 20 अप्रैल को हीटवेव और गर्म रात की स्थिति रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

### नारायणपुर (घुघुवा क) में विप्र समाज ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 20 अप्रैल।** दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र में स्थित सुप्रसिद्ध ग्राम नारायणपुर (घुघुवा क) में विप्र समाज के पारिवारिक सदस्यगण द्वारा प्रतिवर्षों की भांति अक्षय तृतीया पर भगवान विष्णु के छठे अवतार विप्र समाज के इष्ट देव परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम आचार्य पंडित दीपक शर्मा द्वारा विधि विधान से यजमान स-पत्नी सभापति प्रणव शर्मा से भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन कराया गया, तत्पश्चात महाप्रभु भगवान परशुराम जी एवं हनुमान जी की महाआरती करते हुए विश्व कल्याणार्थ सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः की कामना कर खीर पुरी का प्रसादी वितरण किया गया, पूर्वजों द्वारा स्थापित ग्राम के प्रमुख प्राचीन मोहल्ले का नाम उपस्थित सभी विप्रजनों द्वारा परशुराम वार्ड और परशुराम चौक किए जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवोम विद्यापीठ के संचालक श्री अवधेश शर्मा जी, उपसरपंच शिवनारायण शर्मा, श्यामकिशोर शर्मा, प्रशांत शर्मा, अनीश शर्मा, शुभम शर्मा, शशांक, अभिनंदन एवं बड़ी संख्या में समाज की माताएं बहने उपस्थित रही।

# रुआबांधा में विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 अप्रैल।** मुक्तस्वर साहित्य समिति के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं गायक कमल कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे, अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासचिव एवं पुलिस अधीक्षक सीआईडी नरेंद्र सिक्केवाल शामिल हुए। उपसचिव शंकर भट्टाचार्य ने समिति द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले साझा संकलन के संबंध में जानकारी दी। कोषाध्यक्ष संतोष जाटव जालौनी ने जानकारी दी कि उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करने वाले रचनाकारों को सम्मानित किया जाएगा। गोष्ठी में शंकर भट्टाचार्य, विपुल सेन, बुद्धसेन शर्मा, वासुदेव भट्टाचार्य, संतोष जाटव जालौनी, शीशलता शालू एवं नरेंद्र कुमार सिक्केवाल सहित अन्य रचनाकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस दौरान उपेन्द्र नाथ द्वारा लिखित बांग्ला लोककथा पर आधारित हास्य रचना टुनटुनी और राजा का हिंदी अनुवाद गोविन्द पाल ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि कमल कुमार अग्रवाल ने मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में संगीत का रंग भर दिया। इस अवसर पर बीएसपी पूर्व विजिलेंस अधिकारी विनोद कुमार वर्मा, सह संपादक दयालन माधवन उन्नी तथा समिति की विधिक सलाहकार अधिवक्ता सत्यवती शुक्ल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू को बहुस्तरीय दायित्व मिलने अधिवक्ताओं में हर्ष

**अंवरी, 20 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के माननीय सदस्य अधिवक्ता श्री शत्रुहन सिंह साहू को अधिवक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी समिति, अनुशासन समिति, वित्त समिति, मान्यता समिति, परीक्षण समिति एवं न्यासी समिति के सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व प्राप्त होने पर धमतरी जिला अधिवक्ता संघ एवं अधिवक्ता समुदाय में हर्ष और गर्व का वातावरण है।अधिवक्ता संघ ने इसे श्री साहू के संघर्ष, निष्ठा और विधि के प्रति समर्पण का परिणाम बताते हुए कहा कि उनका नेतृत्व, अनुभव और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता सदैव अधिवक्ता समाज को नई दिशा प्रदान करती रही है। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सम्मान का प्रतीक है।




**कवर्धा।** कवर्धा नगर पालिका विभाग ने की प्याऊ घर की व्यवस्था , नगर वासियों में हर्ष।

# स्वरोजगार से सशक्त बनेंगी महिलाएं: इंद्रजीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 अप्रैल।** सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की पहल पर प्रवास आंध्र पाठशाला, वृंदा नगर कैंप-1 में महिला स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें कौशल विकास से जोड़ने एवं रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत महिलाओं को दोना-पत्तल, रुई बाती, वाइपर, मोप, झोला निर्माण, सिलाई, कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर से संबंधित निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवास आंध्र पाठशाला के अध्यक्ष पापाराव, महासचिव दिनेश राव, समाज के वरिष्ठ मोहन राव, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश्वर राव, बी. कोलम्मा, निर्मला देवी, प्रमिला देवी, वार्ड पार्षद अरविन्द राय, योगेश राव एवं पूर्व पार्षद राजू जी सहित शैक्षणिक संस्था के शिक्षकगण, माताएं, बहनें एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आदर्श नगर, कैंप-1, अर्जुन नगर, स्टील नगर एवं वृंदा नगर से सैकड़ों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।



### पोड़ी गांव में घड़े की खूब हो रही है बिक्री

**कवर्धा,20 अप्रैल (तछसं.)।** पोड़ी गांव में बाजार में सुबह से ही अक्षय तृतीया के कारण घड़ा खूब खरीदते हुए देखे जा रहे है । अक्षय तृतीया भी कल भी मनाई गई ओर आज भी कई गांवों में मनाई जा रही है । अच्छे साइज का घड़ा साठ रुपया से लेकर अस्सी रुपया तक में घड़ा मिल रहा है ।

# गुस्से में पत्नी ने सिलबट्टे से किया वार, पति की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 अप्रैल।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-2 में एक पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी यह घटना दुर्गा पारा वार्ड - 35 की है जहां बीती रात पत्नी ने गुस्से में आकर अपने पति पर सिलबट्टे से हमला कर दिया इस हमले में 40 साल के डोमन साहू की मौके पर ही मौत हो गई डोमन साहू और उसकी पत्नी हीरामणी साहू के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों के दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी पड़ोसियों का कहना है कि घर में अक्सर झगड़ा होता था और इसका असर बच्चों पर भी पड़ रहा था कई बार आसपास के लोग भी इस विवाद से परेशान हो चुके थे दिन में पति के खिलाफ एफआईआर पति-पत्नी के बीच आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था मोहल्ले को लोग भी इस बात से परेशान थे जानकारी के मुताबिक पत्नी हीरामणी साहू ने 19 अप्रैल को अपने पति के खिलाफ जामुल थाना में शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 170 के तहत उसे गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट भेजा था कोर्ट से जमानत से छूटा, घर जाकर करने लगा विवाद छावनी पुलिस ने आरोपी पति को एसडीएम कोर्ट में पेश किया। हालांकि वहां से उसे जमानत मिल गई। बताया जा रहा है कि जमानत मिलने के बाद आरोपी शाम को घर पहुंचा और पुलिस में शिकायत करने की बात को लेकर विवाद करने लगा पत्नी ने सिलबट्टे से सिर पर किया वार दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में पत्नी ने अपने पति के सिर पर सिलबट्टे से वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना जब पुलिस को लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला अस्पताल भिजवा दिया। पड़ोसियों का कहना है कि मृतक आए दिन शराब पीकर घर में विवाद करता था और कई बार बच्चों के साथ भी मारपीट करता था। इसी वजह से पत्नी पहले भी परेशान रहती थी और कई बार शिकायत कर चुकी थी पत्नी को लिया हिरासत में घटना की सूचना मिलते ही छावनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है छावनी थाने पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### निगम की पहल से पीएम आवास योजना को मिला नया गति

**दुर्ग,20 अप्रैल।** नगर पालिक निगम/प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वीएलसी घटक के ऐसे हितग्राही, जिन्होंने मकान निर्माण हेतु आवेदन तो किया है लेकिन किसी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए नगर निगम दुर्ग द्वारा विशेष पहल की गई। कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त सुमित कुमार अग्रवाल ने रविवार को डाटा सेंटर दुर्ग में बैठक लेकर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया।



**भिलाई, 20 अप्रैल।** नेशनल हाईवे में नेहरू नगर चौक के पास THAR दुर्घटनाग्रस्त हुई हादसा दरमियानी रात हुआ, तेज रफ़्तार के कारण गाड़ी अनियंत्रित हुई कार में सुपेला निवासी 3 दोस्त थे सवार, आकाश केशरवानी, ऋतिक साहू और करण सिंह आकाश केशरवानी की हादसे में हुई मौत, करण सिंह हाईटेक अस्पताल भिलाई में भर्ती, ऋतिक साहू कि हालात नॉर्मल है पूरा मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है और मामले की जांच जारी है

# प्रदेश सरकार की सकारात्मक व विकासपरक सोच से जिले में हो रहे नवाचार : साव

## उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर, वित्तीय साक्षरता लैब और कोया बाना आदिवासी संस्कृति संवर्धन संस्थान का किया लोकार्पण

**रायपुर, 20 अप्रैल।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेल और युवा कल्याण तथा कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज जिला मुख्यालय कांकेर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय परिसर में ट्रामा सेंटर तथा ओपीडी एवं अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इसके अलावा पुत्री शाला परिसर का जीर्णोद्धार कर वित्तीय साक्षरता लैब और कचहरी परिसर स्थित मावा मोदोल कोचिंग संस्थान प्रांगण में कोया बाना आदिवासी संस्कृति संवर्धन संस्थान का भी लोकार्पण जिले के प्रभारी मंत्री साव ने किया।



आज दोपहर कोया बाना आदिवासी संस्कृति संग्रहालय के लोकार्पण पश्चात नगरवासियों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि कांकेर जिले के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा क्योंकि यहां कुल 11 करोड़ 21 लाख रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों और नवाचारों का लोकार्पण हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सकारात्मक और विकासपरक सोच ही परिणाम है कि जिले में इतनी तादाद में विकास की झलकियां देखने को मिल रही हैं। वहीं आने वाली पीढ़ी को आदिवासी संस्कृति और विरासत को करीब से जानने के लिए कोया बाना जैसे बहुउद्देशीय संग्रहालय का आज लोकार्पण हुआ। साव ने कहा कि कांकेर जिले को सहेजने और संवारने का काम शासन, प्रशासन और जिले के जनप्रतिनिधि के द्वारा परस्पर समन्वय के साथ किया जा रहा है। उन्होंने नगरवासियों को इन संस्थानों का लाभ उठाने की अपील की।

विशिष्ट अतिथि की आसंदी से कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री साव के नेतृत्व में कांकेर जिले को लगातार सौगातें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की इच्छाशक्ति से बस्तर के नक्सलमुक्त होने के बाद अब यहां सतत् विकास देखने को मिल रहा है। इसके अलावा सरकारें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से यहां की आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक विरासतों को संजोने व संवर्धन करने हर संभव प्रयासरत है, जिसका उदाहरण कोया बाना संग्रहालय है जो युवाओं को उनकी प्राचीन परंपरा और सभ्यता से अवगत कराएगा। कार्यक्रम के अंत में उप मुख्यमंत्री एवं अन्य मंचस्थ अतिथियों ने मासिक पत्रिका नवांकुर और हल्बा जनजाति की लोक संस्कृति नामक पुस्तिका का विमोचन किया। विदित हो कि कोया बाना आदिवासी संस्कृति संवर्धन संस्थान में गोड़ी पाठशाला का संचालन और सांस्कृतिक लाइब्रेरी की स्थापना, आदिवासी पुरातत्व संग्रहालय एवं युवाओं के लिए रेडियो स्टूडियो की स्थापना की गई है। उक्त संस्थान की स्थापना जिला खनिज न्यास निधि मद से 30 लाख रूपए की लागत से की गई है।

### अब मरीजों को विभिन्न सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा

इसके पहले उप मुख्यमंत्री साव ने कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय में आधुनिक तकनीक से लैस ट्रामा सेंटर और ओपीडी एवं अतिरिक्त अस्पताल भवन का लोकार्पण किया। उक्त ट्रामा सेंटर की स्थापना 01 करोड़ 41 लाख 35 हजार रूपए की लागत से डीएचएस एवं डीएमएफ मद से की गई है, जहां गंभीर मरीजों का उपचार उन्नत चिकित्सा पद्धति से तात्कालिक रूप से हो सकेगा। इसी तरह डीएमएफ मद से 08 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से ओपीडी एवं अतिरिक्त अस्पताल भवन का भी लोकार्पण उप मुख्यमंत्री साव के द्वारा किया गया। इन चिकित्सा अधोसंरचनाओं के निर्माण से मरीजों को विभिन्न सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस दौरान उन्होंने ट्रॉमा यूनिट में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत कर हालचाल जाना। वित्तीय साक्षरता लैब में बच्चे खेल-खेल में बनेंगे जागरूक उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री साव ने कांकेर प्रवास के दौरान आज पोस्ट ऑफिस के समीप पुराने पुत्रीशाला परिसर में वित्तीय साक्षरता लैब का लोकार्पण किया। उक्त लैब का निर्माण पुराने शाला भवन का जीर्णोद्धार कर किया गया है। डीएमएफ मद से कुल 65 लाख रूपए की लागत से उक्त लैब का निर्माण आधुनिकीकृत ढंग से किया गया है, जहां पर विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को वित्तीय सशक्तिकरण, सायबर फ्रॉड के प्रति जागरूकता तथा व्यावसायिक निवेश कंपनी अधिनियम की जानकारी, जीएसटी, टीडीएस एवं कर प्रणाली की समझ और शेयर मार्केट से परिचय व शासन की योजना एवं आर्थिक बजट की जानकारी सहित बैंकिंग प्रणाली और निवेश आदि की वित्तीय जानकारी मिलेगी।

## एक नजर

### रायपुर में पुलिस का 'नो मर्सी' एक्शन सिर्फ 2 घंटे में 151 शराबी चालक धराए

**रायपुर, 20 अप्रैल।** सड़कों पर 18 अप्रैल 2026 की रात अचानक सख्ती का ऐसा शिकंजा कसा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों में हड़कंप मच गया, शहर के 9 अलग-अलग पॉइंट्स पर ट्रैफिक पुलिस ने एक साथ घेराबंदी की और महज दो घंटे के भीतर 151 चालकों को पकड़कर उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर दी, इस हाई-इम्पैक्ट अभियान की कमान यातायात एवं प्रोटोकॉल के उपायुक्त विकास कुमार ने खुद संभाली, रात 11 बजे से 1 बजे तक चली इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में पुलिस टीमों ने ब्रीथ एनालाइजर से जांच की, संदिग्ध चालकों को रोका गया, मौके पर ही टेस्ट किए गए और शराब के नशे में पाए जाने पर तुरंत चालान और केस दर्ज किया गया, यह कोई सामान्य अभियान नहीं बल्कि शहर में बढ़ते हादसों पर ब्रेक लगाने की सख्त रणनीति का हिस्सा था, आंकड़े खुद कहानी बयान कर रहे हैं कि साल 2026 में अब तक एमव्ही एक्ट की धारा 185 के तहत 2456 मामले दर्ज हो चुके हैं, जो पूरे जिले के इतिहास में किसी भी एक साल में हुई कार्रवाई से कहीं ज्यादा है, पुलिस साफ संदेश दे रही है कि यह अभियान सिर्फ जुर्माना वसूलने के लिए नहीं बल्कि सड़क पर हर एक जिंदगी को बचाने के लिए है, अधिकारियों का कहना है कि नशे में गाड़ी चलाना सीधे मौत को न्योता देना है और अब ऐसे लापरवाह चालकों के लिए कोई नरमी नहीं होगी।

### मॉल की पार्किंग से गायब हुई 9 लाख की इनोवा

**रायपुर, 20 अप्रैल।** सिटी सेंटर मॉल की पार्किंग में खड़ी इनोवा कार अचानक गायब हुई तो मामला चोरी नहीं बल्कि अंदरखाने गबन का निकला और पुलिस ने महज कुछ ही समय में शातिर आरोपी को कार समेत धर दबोच लिया, 18 अप्रैल 2026 को सम्बलपुर निवासी प्रार्थी सुरजीत सिंह चावला अपने परिवार के साथ मॉल घूमने आए थे, पार्किंग टिकट लेकर बेटे ने वाहन की चाबी कर्मचारी को सौंपी और महज 30 मिनट बाद लौटने पर गाड़ी गायब मिली, पूछताछ में खुलासा हुआ कि मॉल का कर्मचारी मनीष साहू उर्फ डेकेश्वर साहू ही इनोवा कार क्रमांक ओडी 15 ए 5089 लेकर फरार हो गया है, कार में पर्स, दस्तावेज और 15 हजार रुपये नगद भी थे, घटना सामने आते ही थाना देवेन्द्र नगर में धारा 316(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज हुआ और पुलिस उपायुक्त क्राइम एवं साइबर स्मृतिक राजनाला तथा मध्य जोन डीसीपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, एंटी क्राइम और साइबर यूनिट के साथ थाना देवेन्द्र नगर की टीम एक्टिव हुई, मॉल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, आरोपी के भागने के रूट को एक-एक फ्रेम में ट्रैक किया गया, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, आखिरकार पुख्ता सूचना पर टीम ने आरोपी को इनोवा कार सहित पकड़ लिया, आरोपी मनीष साहू उर्फ डेकेश्वर साहू (35 वर्ष) निवासी ग्राम अछोली थाना खरोरा हाल मत्स्य कॉलोनी वीआईपी रोड तेलीबांधा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 9 लाख रुपये कीमत की कार जब्त की गई, जांच में सामने आया कि आरोपी आदतन वाहन चोर है।

# देवखोल व भालूमाड़ा में खनन क्षेत्र चिन्हित शासन का ब्लास्टिंग कर बंद करने का निर्देश

### करीब 150 मीटर लम्बी सुरंग में अवैध कोयला खनन पर सख्ती, सेंट्रल फ्लाइंग स्क्वाड की बड़ी कार्रवाई





**रायपुर, 20 अप्रैल।** कोरिया जिला में अवैध कोयला खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए लगातार दूसरे दिन व्यापक कार्रवाई की। रायपुर से पहुंची सेंट्रल प्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने रविवार को देवखोल और भालूमाड़ा क्षेत्रों का निरीक्षण कर अवैध खनन स्थलों का चिन्हांकन किया और उन्हें ब्लास्टिंग कर स्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स, जिसमें खनिज, वन, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे, ने संयुक्त रूप से पूरे क्षेत्र का जायजा लिया। टीम ने बताया कि निरीक्षण के समय मौके पर कोई कोयला या खनन सामग्री नहीं मिली, लेकिन पूर्व में यहां बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थीं। इस कार्रवाई से एक दिन पहले, शनिवार को संयुक्त टीम ने पटना तहसील अंतर्गत देवखोल जंगल में सघन अभियान चलाया था। इस दौरान अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6 टन से अधिक कोयला जब्त किया गया। साथ ही कई अवैध सुरंगों को ध्वस्त किया गया, जिनका उपयोग लंबे समय से कोयला निकालने के लिए किया जा रहा था।

अभियान के दौरान टीम ने करीब 150 लंबी सुरंगों के भीतर प्रवेश कर न केवल कोयला बरामद किया था, बल्कि खनन में उपयोग होने वाले उपकरण जैसे फावड़ा, गेती, विद्युत पंप, फुटबॉल पाइप और बड़ी मात्रा में बिजली के तार भी जब्त किए थे।

रविवार को की गई कार्रवाई में कोरिया के अलावा सूरजपुर, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर और गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिलों के खनिज अधिकारी, स्थानीय पुलिस, वन एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि वन एवं खनिज विभाग के साथ-साथ एसईसीएल के समन्वय से इन क्षेत्रों की निगरानी और सख्त की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कोयला खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए चिन्हित स्थानों को ब्लास्टिंग कर बंद किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो सके। साथ ही क्षेत्र में लगातार निगरानी और संयुक्त अभियान जारी रखने की भी बात कही गई है। इस सख्त कार्रवाई से अवैध खनन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है, वहीं प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इस तरह के अभियानों को और तेज किया जाएगा।

# रायपुर नगर निगम में भ्रष्टाचार की जांच शुरू, 4 अफसर निलंबित

**रायपुर, 20 अप्रैल।** नगर निगम में करोड़ों के घोटाले के मामले में 4 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। आयुक्त ने विभागीय और कानूनी जांच के आदेश दिए हैं।

नगर निगम में सामने आए 100 करोड़ से अधिक के कथित भ्रष्टाचार मामले ने प्रशासनिक व्यवस्था को हिला कर रख दिया है। इस पूरे प्रकरण में एक उच्चस्तरीय जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें गंभीर अनियमितताओं और नियमों की अनदेखी सामने आई है। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि जोन क्रमांक 10 से जुड़े मामले में तत्कालीन जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, इंजीनियर योगेश यादव और अजय श्रीवास्तव को निलंबित किया गया है। इनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। साथ ही वेतन वृद्धि पर रोक और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया भी जारी रहेगी।

**150 एकड़ जमीन को वैध बनाने का खेल:** जांच में सामने आया है कि करीब 150 से 159 एकड़ अवैध जमीन को नियमों के खिलाफ जाकर वैध करने की कोशिश की गई। इस पूरी प्रक्रिया में नगर निगम मुख्यालय को दरकिनार किया गया। संरचना अनुमति और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग अपरूवल में गंभीर गड़बड़ियां पाई गईं।

जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि कई बार मूल दस्तावेज (नस्ती) मांगे जाने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराए गए। 70 से अधिक खसरा नंबरों से जुड़ी फाइलें गायब बताई जा रही हैं। यह अपने आप में पूरे मामले को और संदिग्ध बनाता है।

**मिलीभगत की आशंका:** रिपोर्ट में यह भी संकेत मिला है कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के कुछ अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध हो सकती है। बिल्डरों, दलालों और अधिकारियों के बीच गठजोड़ की संभावना जताई गई है। यह पूरा मामला बोरियाखुर्द, ओम नगर, साई नगर और बिलाल नगर जैसे इलाकों से जुड़ा है। यहां के भूखंडों को नियमों के विपरीत जाकर वैध बनाने की प्रक्रिया अपनाई गई। 70 से अधिक खसरा नंबर इस घोटाले के दायरे में बताए जा रहे हैं

**कैसे तोड़ी गई प्रक्रिया?:** नियम के मुताबिक फाइल पहले जोन से निगम मुख्यालय, फिर कमिश्नर और उसके बाद ज्ञहष्ट विभाग जाती है। लेकिन इस मामले में– फाइल सीधे जोन से निगम भेज दी गई। कमिश्नर की मंजूरी को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। बाद में जब फाइल कमिश्नर के पास आई, तो उन्होंने खुद हैरानी जताई।

**सियासी आरोप-प्रत्यारोप:** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने इस मामले को बड़ा घोटाला बताते हुए कहा कि यह 100 करोड़ से ज्यादा का खेल है। अवैध कॉलोनियों को वैध बनाने के लिए पूरा षड्यंत्र रचा गया। मामला सामने आते ही मूल दस्तावेज गायब कर दिए गए। चार सदस्यीय जांच समिति, जिसकी अध्यक्षता पंकज शर्मा ने की, ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अब आगे विभागीय और कानूनी कार्रवाई के साथ पूरे नेटवर्क की जांच की जाएगी।

### विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिए बनाए घोंसले, दिया जीवों के प्रति जिम्मेदारी का संदेश

**रायपुर, 20 अप्रैल।** शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि उसमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का समावेश भी आवश्यक है। इसी सोच को साकार करते हुए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन में सारागांव हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक पहल की है।विद्यालय में आयोजित समर कैम्प के दौरान कक्षा 12वीं की छात्राओं–छाया, साक्षी और टीना ने मिलकर पक्षियों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक घोंसलों का निर्माण किया। इन घोंसलों को रचनात्मक ढंग से तैयार कर विद्यालय परिसर के पेड़ों पर स्थापित किया गया, जिससे भीषण गर्मी में पक्षियों को आश्रय और सुरक्षा मिल सके। इस पहल ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जीवों के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया है। इस गतिविधि से बच्चों में सामाजिक सरोकार, सहयोग और प्रकृति के प्रति जुड़ाव की भावना को भी बढ़ावा मिला है।

# मुख्यमंत्री साय की पहल से प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

### जशपुर सहित कई क्षेत्रों को बड़ी सौगात



**रायपुर, 20 अप्रैल।** प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले सहित राज्य के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए व्यापक योजना लागू की जा रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जशपुर जिले के 133 गांवों, नगरों और टोला-मुहल्लों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। इस पहल से लंबे समय से चली आ रही लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। इससे किसानों, छात्रों और लघु व्यवसायियों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी दैनिक गतिविधियां अधिक सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी। प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत अधोसंरचना के विस्तार के तहत जशपुर जिले में उच्च स्तरीय परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। कुनकुरी के हर्राडांड में 400/220 केवी का अत्याधुनिक उपकेंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो राज्य के प्रमुख उच्च क्षमता उपकेंद्रों में शामिल होगा। इसके अतिरिक्त सलिहाटोली, विपतपुर, भगोरा, समडमा, मैनी, रेड़े, पालीडीह, खुटेरा एवं चेटवा सहित विभिन्न स्थानों पर नए 33/11 केवी सब-स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। साथ ही फरसाबहार और झिक्की बगीचा में 132/33 केवी के उच्च क्षमता सब-स्टेशन भी स्वीकृत किए गए हैं, जिससे क्षेत्रीय विद्युत वितरण प्रणाली और अधिक सशक्त होगी।

इन योजनाओं के क्रियान्वयन से प्रदेश में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आएगा, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या में कमी आएगी तथा औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को नई गति मिलेगी। राज्य सरकार की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। प्रदेशवासियों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# आरटीई को लेकर आर-पार छग में 5000 निजी स्कूल बंद

### संकट में 15000 बच्चों का भविष्य




**रायपुर, 20 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में आरटीई की प्रतिपूर्ति की राशि सरकारी स्कूलों पर आने वाले खर्च के बराबर करने की मांग को लेकर प्रदेश के निजी स्कूलों पर ताला लटका मिला है। वहीं प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का कहना है कि प्रदेश में आज करीब 5000 स्कूल बंद रहे। आरटीई पर सरकार की सख्ती के बाद से प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट आंदोलनरत है। आंदोलन की अगली कड़ी में प्रदेश के करीब 8000 प्राइवेट स्कूल शिक्षा मंत्री को चिट्ठी लिखकर प्रतिपूर्ति की राशि बढ़ाने की मांग करेंगे। प्रदेश में आरटीई को लेकर सरकार ने पहली लिस्ट जारी कर दी है। करीब 14,000 बच्चों को इसके तहत प्राइवेट स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। लिस्ट में शामिल बच्चों के अभिभावक सरकार और निजी स्कूलों की लड़ाई में परेशान हैं। उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि लिस्ट जारी होने के बाद उनके बच्चों का दाखिला स्कूलों में होगा या नहीं।

**राशि बढ़ाने की मांग पर अड़े:** प्रदेश की साय सरकार आरटीई के तहत दाखिला लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के बदले में 7000 रुपए फीस देती है, जबकि स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का कहना है कि आरटीई के प्रावधानों के तहत यह राशि 22,000 होनी चाहिए। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता का कहना है कि आरटीई में सरकारी स्कूलों में प्रति छात्र आने वाले खर्च के बराबर प्राइवेट स्कूलों को प्रतिपूर्ति देने का नियम है। उनका कहना है कि यह राशि मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**सरकार सख्त:** वहीं दूसरी तरफ सरकार ने आदेश जारी कर रखा है कि आरटीई को लेकर जिन स्कूलों ने गरीब बच्चों को एडमिशन देने में टालमटोल की, उनकी मान्यता खतरे में पड़ सकती है। वहीं, स्कूल अभिभावक एवं विद्यार्थी कल्याण संघ के सचिव योगेंद्र ओझा का कहना है कि हर साल प्राइवेट स्कूल करीब 5 हजार करोड़ रुपये फीस और अन्य मदों में अभिभावकों से वसूलते हैं। वह सवाल उठाते हैं कि बच्चे इतनी महंगी फीस देने के बाद भी ट्यूशन क्यों पढ़ते हैं? एक-एक क्लास में 60-60 बच्चे पढ़ाए जाते हैं, फिर इतनी फीस क्यों? जबकि स्कूल खोलने की पहली शर्त सेवा भाव है।

# साव ने किया मावा मोदोल लाइब्रेरी चारामा का शुभारंभ

**रायपुर, 20 अप्रैल।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूल और युवा कल्याण एवं उत्तर बस्तर (कांकेर) जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज रविवार को कांकेर जिले के चारामा में मावा मोदोल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। लोकार्पण पश्चात उन्होंने लाईब्रेरी का अवलोकन कर वहां अध्ययनरत युवाओं से संवाद किया तथा उनसे अपने विद्यार्थी जीवन को साझा करते हुए कहा कि लगन से पढ़ाई करें, सरकार जो सुविधाएं उपलब्ध करा रहीं है, उसका लाभ उठाए और सफल होकर अपने देश-प्रदेश व क्षेत्र का नाम रौशन करें। देश के प्रति हमेशा निष्ठावान रहें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। कुल 43 लाख रूपए की लागत से निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त लाईब्रेरी में एक साथ 75 विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष शालिनी राजपूत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी विशेष रूप से उपस्थित थी।



लाईब्रेरी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लगातार बच्चों के भविष्य को गढ़ने का कार्य किया जा रहा है। चाहे दिल्ली मे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना हो, अथवा प्रदेश में लाईब्रेरी व नालंदा परिसरों की स्थापना, विधार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समूचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कांकेर जिले में भी जिला प्रशासन द्वारा लगातार बच्चों के लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, इसी कड़ी में आज मावा मोदोल लाईब्रेरी चारामा का शुभारंभ हो रहा है। पूरे क्षेत्र के बच्चे यहां अच्छे वातावरण में पढ़ाई कर अपना भविष्य गढ़ सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों सहित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी युवाओं एवं उनके पालकों को अपनी शुभकामनाएं भी दी।

समारोह को स्थानीय विधायक सावित्री मंडावी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मावा मोदोल लाइब्रेरी की स्थापना से इस क्षेत्र के बच्चों को लाइब्रेरी का लाभ मिलेगा। मावा मोदोल लाईब्रेरी में अच्छी तैयारी कर बच्चे अपना भविष्य संवार सकते हैं। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसार ने अपने उद्बोधन में बताया कि जिले के सभी 11 तहसील मुख्यालय में मावा मोदोल लाईब्रेरी की स्थापना की जाएगी, ताकि उस क्षेत्र के बच्चे लाईब्रेरी में पढ़ाई कर उच्च पदों पर आसीन हो सके। कांकेर जिले का यह छंटवा लाईब्रेरी है, इससे पूर्व कांकेर, भानुप्रतापपुर, कोरर, दुर्गूकोंदल और अंतागढ़ में मावा मोदोल निःशुल्क लाईब्रेरी संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक, नगर पंचायत चारामा के अक्ष्यक्ष भुनेश्वर नाग, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, सीईओ जिला पंचायत हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, महेश जैन, उमादेवी शर्मा सहित गणमान्य नागरिक और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे ।

# पीएम मोदी को जो संदेश देना था वह दे दिया

देश की राजनीति में आधी आबादी की भूमिका २०१४ के बाद से ज्यादा अहम हो गई है क्योंकि किसी भी राज्य या केंद्र की जीत में उनकी भूमिका पहले से ज्यादा अहम हो गई है। जिस राजनीतिक दल को महिलाओं का वोट एकमुश्त मिलता है, उसकी चुनाव में जीत की संभावना बढ़ जाती है। पिछले कई राज्यों के चुनावों में महिलाओं ने जिस राजनीतिक दल को वोट दिया है सरकार भी उसी दल की बनी है। सारे राजनीतिक दल चुनाव वाले राज्यो में महिलाओं का वोट लेने के लिए सबसे ज्यादा ध्यान दे रहे हैं क्योंकि जिसकी सरकार है वह राजनीतिक दल चाहता है महिलाओं उनको ज्यादा वोट देकर उनकी सरकार को बनाए रखने में अहम रोल अदा कर सकती है, वही जो राजनीतिक दल सत्ता में नहीं हैं वह चाहते हैं कि महिलाएं उनको वोट दल राज्य में सत्ता परिवर्तन करें। यानी चाहे सरकार को बनाए रखना हो या सरकार को बदलना हो ,महिलाओं की भूमिका सबसे ज्यादा अहम हो गई है। अभी पांच राज्यों में से तीन राज्यों में चुनाव हो चुके है तथा दो राज्यों में तमिलनाडु व पं.बंगाल में आगामी दिनों दो चरणो में चुनाव होने हैं।किसी ने सोचा नहीं था कि पीएम मोदी व अमित शाह संसद सत्र का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण के लिए संशोधन विधेयक पेश कर सकते हैं लेकिन पीएम मोदी व शाह ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक यह जानते हुए भी कि इसे पारित कराने के लिए उनके पास संख्या नहीं है। संसद का विशेष सत्र बुलाकर पेश किया तो इसके पीछे पीएम मोदी व अमित शाह की कोई दीर्घकालिक योजना है। यह ऐसी दीर्घकालिक योजना हो सकती है जिसका लाभ अभी के चुनाव में तो होगा ही, इसके अलावा आने वाले चुनावों में भी इसका लाभ भाजपा को हो और विपक्ष को नुकसान हो। पांच राज्यों के चुनाव में सभी राज्यों के क्षेत्रीय दल व कांग्रेस महिलाओं को अपने पाले में करने के लिए चुनावी घोषणा पत्र में एक एक बढ़कर वादे कर रहे हैं कोई नगद पैसा देने का वादा कर रहा है तो कोई फ्रिज,कूलर व टीवी खरीदने के लिए आठ हजार रुपए का कूपन देने का वादा कर रहा है. इसके अलावा महिलाओं को और जो कुछ भी दिया जा सकता है,सब देने का प्रयास किया जा रहा है। चुनाव कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल महिलाओं को यह बता रहे हैं,जता रहे हैं कि हम तुमको वह सब देने वाले हैं जो भाजपा नहीं दे सकती।ऐसे में भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र में दूसरे दलों के अनुसार बहुत कुछ देने की घोषणा तो की है तथा महिला आरक्षण के मामले को चुनाव के दौरान संसद में उठाकर देश व चुनाव वाले राज्यों की महिलाओं को यह बताने का प्रयास किया है कि यह सारे दल जो महिलाओं के लिए देने वाला बने हुए हैं यह महिलाओं को आरक्षण तीस साल से नही दे रहे हैं। देश की महिलाओं की तीस साल से आरक्षण नहीं मिला है तो इसके लिए कांग्रेस व विपक्ष के दल दोषी है। विपक्ष हमेशा की तरह पीएम मोदी व शाह की चाल को समझ नहीं पाया और उसका मौका मिला था कि वह महिलाओं का आरक्षण का हक देने वाले बने और अपने पुराने पापों की प्रायश्चित कर लें। पीएम मोदी व शाह जानते थे कि राहुल गांधी के सामने यदि मोदी को हराने व महिलाओं को उनका हक देने वाला नेता बनने का मौका मिले तो वह महिलाओं को हक देने वाला नेता नहीं बनेंगे वह पीएम मोदी को संसद में हराने वाले नेता बनना पसंद करेंगे। यही राहुल गांधी व विपक्ष ने किया है।संसद में जो कुछ हुआ उससे देश की महिलाओं का यही संदेश गया है कि पीएम मोदी व शाह ने महिलाओं को २०२९ से पहले संसद व विधानसभा में आरक्षण देना चाहते हैं और कांग्रेस व विपक्ष के कारण फिर एक बार ऐसा संभव नही हो सका है। राहुल गांधी कई राज्यों में कांग्रेस को चुनाव जीता नहीं पाएं है, इससे कांग्रेस तीन राज्यों तक ही सिमट गई है। तीन लोकसभा चुनाव में भी राहुल गांधी मोदी को हरा नहीं पाए हैं संसद के भीतर भी राहुल गांधी कई बार वोटिंग होने के बाद भी हरा नहीं पाए हैं। उनकी सबसे बड़ी इच्छा किसी भी तरह से पीएम मोदी को हराने की थी।

विश्लेषण

# अमरत्व को ले जाती शहादत

तनवीर जाफ़री

28 फ़रवरी 2026 को इस्राईल और अमेरिका ने एक "संयुक्त अभियान" चलाकर ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई को तेहरान में किये गये एक बड़े हवाई हमले में शहीद कर दिया था। ये हमले ख़ामनेई के रिहाइशी कंपाउंड और उस समय चल रही डिफ़ेन्स काउंसिल मीटिंगसहित और कई ठिकानों पर एक साथ हुए थे।अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर युद्ध थोपने के पहले ही दिन हुये इस हमले में सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई के अलावा 11अन्य प्रमुख ईरानी अधिकारी व नेता शहीद हो गये थे। युद्ध थोपने के पहले ही दिन और पहले ही आक्रमण में ख़ामनेई को शहीद किये जाने के पीछे अमेरिका -इस्राईल की यही रणनीति थी कि ख़ामनेई के बाद ईरान का नेतृत्व बिखर जायेगा और अमेरिका -इस्राईल की ईरान में सत्ता परिवर्तन किये जाने व शाह की संतान को ईरानी सत्ता पर थोपने की उनकी दीर्घकालीन नापाक मंशा पूरी हो जाएगी। परन्तु आयतुल्लाह ख़ामनेई की शहादत के बाद का ईरान तो इतना एकजुट,मज़बूत,सक्षम व उत्साही नज़र आया जिसकी दुनिया कल्पना भी नहीं कर सकती थी। ईरानी सरकार ने 1 मार्च को ख़ामनेई की मौत की पुष्टि की और पूरे देश में शोक घोषित किया। उसके बाद एक तरफ़ तो ईरान व ईरानी सत्ता को अस्थिर करने की ग़रज़ से ईरान पर दुश्मन की भारी बमबारी जारी रही दूसरी तरफ़ ईरान ने भी ख़ामनेई की शहादत के बाद अमेरिका व इस्राईली हितों की रक्षा करने वाले लगभग 12 देशों परआक्रमण किये। इनमें खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी बेस और अन्य सैन्य ठिकाने शामिल थे। आश्चर्य की बात तो यह है कि पूरा ईरान इस दौरान अपने सर्वोच्च नेता की शहादत के ग़म में भी डूबा रहा,साथ ही मिनाब में स्कूल पर हुये हमले व अन्य जगहों पर हो रही अमेरिका व इस्राईली बमबारी का भी सामना करता रहा और इसी के साथ अपनी रक्षा भी बख़ूबी करते हुये अपने दुश्मनों व उनके हितैषियों को भी पूरे सलीक़े के साथ सबक़ सिखाता रहा। इसके पीछे सैय्यद अली ख़ामनेई के त्याग,उनकी दूरदृष्टि,ईमानदारी,सादगी व उनके बलिदान का सबसे महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। ग़ौरतलब है कि सैय्यद अली ख़ामनेई को 3 जून 1989 को आयतुल्लाह रुहुल्लाह ख़ोमैनी की मृत्यु के बाद ईरान का "कार्यवाहक सर्वोच्च नेता" निर्वाचित किया गया था। दो महीने बाद 6 अगस्त 1989 को ईरानी विशेषज्ञों की सभा ने उन्हें स्थायी "सर्वोच्च नेता" के रूप में आधिकारिक तौर से चुन लिया। गोया आज का ईरान इन्हीं आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई की लगभग 37 वर्षों की दूरदर्शिता से निर्मित किया गया वह देश है जिसने अमेरिका व इस्राईल जैसे विश्व के सबसे आक्रामक व नरसंहारक देशों के पसीने छुड़ा दिये। गत 9 अप्रैल से ख़ामनेई की शहादत के बाद उनका चालीसवां (शोक) मनाने का सिलसिला शुरू हुआ। यह चालीसवां केवल ईरान में ही नहीं मनाया गया बल्कि दुनिया के अनेक देशों के अनेक शहरों में 9 अप्रैल के बाद इनकी याद में बड़ी बड़ी सभाएं की गयीं और यह सिलसिला अभी भी जारी है। जीवन की सादगी, उनकी सीख, शिक्षा,समर्पण व त्याग ने ख़ामनेई को उस बुलंदी पर पहुंचा दिया कि उन पर आंसू बहाने वालों में केवल शिया समाज के लोग ही शामिल नहीं हुये बल्कि बड़ी संख्या में ईसाई,सुन्नी,हिन्दू,सिख,बौद्ध,जैन आदि सभी समुदायों के लोग अलग अलग जगहों पर शामिल हुये। मैं तुलना तो नहीं करता परन्तु यह बात दावे के साथ कहता हूँ कि करबला के शहीदों के चालीसवें के सिवाय




और किसी अन्य व्यक्ति के चालीसवें अथवा सोग के अवसर पर इतने अधिक देशों व शहरों में इतने बड़े पैमाने पर इतने अधिक आयोजन होते मैंने पहले कभी नहीं देखा-सुना। 3 जून 1989 को ईरानी क्रांति के नेता आयतुल्लाह रुहुल्लाह ख़ोमैनी की मृत्यु के बाद उनके अंतिम संस्कार में भी ईरान के विभिन्न हिस्सों से करोड़ों लोगों ने शिरकत की थी। अपनी मृत्यु से पूर्व ख़ोमैनी कई वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे।अंतिम दिनों में उन्हें आंतरिक रक्तस्राव के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। गहन जाँच के बाद उन्हें कैंसर और दिल संबंधी समस्याओं से पीड़ित बताया गया और केवल 11 दिनों तक अस्पताल में रहने के दौरान उन्हें दिल के कई दौरे पड़े।आख़िरकार 12वें दिन उनकी मृत्यु हो गयी । ख़ोमैनी के अंतिम संस्कार को भी इतिहास के सबसे बड़े अंतिम संस्कारों में से एक माना जाता है परन्तु वैश्विक स्तर पर सभी धर्मों व समुदायों के लोगों द्वारा उनका भी अंतिम सोग अर्थात चालीसवां इस स्तर पर नहीं मनाया गया था। इसकी असल वजह है आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनेई का 86 वर्ष की आयु में शहीद होना। और वह भी अमेरिका व इस्राईल जैसे राक्षसीय कृत्य को अंजाम देने वाले मानवता के दुश्मन समझे जाने वाले देशों के मुक़ाबले डटकर खड़े रहने और सच्चाई व अपने अधिकारों के लिये डटकर मुक़ाबला करने की सीख देते हुये शहीद होना। इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में ख़ामनेई की शहादत को दुनिया इसलिये भी याद रखेगी कि वे वास्तव में करबला से प्रेरणा लेने वाले एक ऐसे सच्चे मुजाहिद थे जिन्होंने अपने दुश्मन की ताक़त उसकी धमकियों यहाँ तक की अमेरिका के चलते ईरान पर चले आ रहे चार दशकों के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों की भी परवाह न करते हुए भी एक ऐसे ईरान का निर्माण किया जिसकी गिनती आज विश्व की महाशक्तियों में होने लगी है। यदि ख़ामनेई शहीद न होते और अमेरिका ने यह युद्ध थोपा न होता तो आज ईरान - अमेरिका व इस्राईल की वास्तविक ताक़त का अंदाज़ा भी दुनिया को न होता। गोया ख़ामनेई की शहादत ने अमेरिका व इस्राईल सहित कई देशों को बेनक़ाब कर दिया जो क्रूरता कायरता व मानवता के बड़े मुजरिम हैं। हमारे देश भारत में भी महात्मा गाँधी अपने जीवन में शायद उतने प्रभावी व प्रासंगिक नहीं रहे होंगे जितने कि वे शहीद होने के बाद हुये। उनकी हत्या करने के बाद न केवल उनकी सोच,सीख व आदर्शों को 'गांधीवाद' व 'गाँधी दर्शन' का नाम मिला बल्कि देश में साम्प्रदायिकतावादियों का चेहरा भी बेनक़ाब हो गया। आज गाँधी को भी उनके सत्य व अहिंसा के सिद्धांतों के लिये याद किया जाता है। यह भी अजीब इत्तेफ़ाक़ है कि महात्मा गाँधी भी करबला की घटना से प्रभावित थे तथा कई जगहों पर उन्होंने हज़रत इमाम हुसैन के त्याग, सम्मान की रक्षा और अन्याय के विरुद्ध उनके अडिग होकर खड़े रहने की सराहना की। इमाम हुसैन का संदेश उनके लिए मानवता का संदेश था। और आज उसी करबला और शहीद करबला हज़रत हुसैन के बताये हुये मार्ग पर चलते हुये ख़ामेनेई ने भी शहादत को गले लगाकर अपने आपको अमर कर दिया। निःसंदेह शहादत अमरत्व की ओर ले जाती है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपको शुभ समाचार मिलेगा जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ साझा करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। दोस्त लोग आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे मस्ती का माहौल बनेगा। आज आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा, आप एक दूसरे की भावनाओं को अच्छी तरह से समझेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का शुभ अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर फील करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी, जिनका आनंद आपका पूरा परिवार उठाएगा। किसी नए काम की तरफ मन अट्रैक्ट होगा, उसकी शुरुआत करेंगे और लाभ कमाएंगे।

मिथुन राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरूरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। हेल्थ से रिलेटेड प्रॉब्लम के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे, जिससे आप बेहतर महसूस करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। अपना समय किसी खास व्यक्ति को देंगे जिससे आपकी खुशी बढ़ेगी। आपकी बेटी का सलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। अपने बच्चों के साथ घर पर रह कर अच्छा समय गुजारेंगे। आपको घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

सिंह राशिः आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, ज्यादा प्रॉफिट होगा। आज आपकी पॉजिटिव सोच आपके कार्यों में सफलता दिलायेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगायेंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपके फैसले में आपके भाइयों का सहयोग मिलेगा, जिससे लोगों में आपकी छवि अच्छी बनेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में गुरुजनों का सहयोग मिलेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे। अधूरे कामों को पूरा करने में आज आप सक्षम रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में लाभ मिलने के योग बने हुए है। बच्चे आज पार्क में घूमने जायेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका मनोबल बढ़ेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहे हैं, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे आपको राहत मिलेगी। आज आपको परिवार का फुल सपोर्ट मिलेगा। आपका स्वास्थ्य आज ठीक रहेगा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी आदत बनायें।

धनु राशिः आज आपका दिन बढिय़ा रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होने की उम्मीद है। आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा। आपको अपने खान पान पर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन आपके लिए प्रोग्रेसिव रहेगा। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। आज आप कीमती सामान खरीदेंगे, आपको अच्छा ऑफर भी मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। आज आप नया वाहन लेंगे, साथ ही परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना भी बनायेंगे।

कुम्भ राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे, साथ ही डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे स्टूडेंट्स आज अपने डाउट क्लियर करेंगे। आज थोड़ा समय निकाल कर अपने परिवार वालों के साथ बातचीत करें, जिससे आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले, जिससे आप उसके बारे पूरी अच्छी जान समझ लेंगे उसी के अनुसार आप अपनी योजनाएं बनायेंगे।

## सू- दोकू क्र.014

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.013 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -014

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | 22 | | 23 | | ■ | 24 | | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 013 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

चर्चित मुद्दा

# समान नागरिक संहिताः छत्तीसगढ़ में नई बहस, नए सवाल

अशोक कुमार साहू



उत्तराखंड और गुजरात के बाद अब तीसरे भाजपा शासित राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ ने भी समान नागरिक संहिता (Uniform Civil Code–UCC) लागू करने की दिशा में निर्णायक पहल कर दी है। राज्य मंत्रिपरिषद ने इस उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समिति के गठन को मंजूरी दे दी है, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई करेंगी। यह समिति यूसीसी का प्रारूप तैयार करेगी और इसके लिए व्यापक स्तर पर सुझाव एकत्र करेगी। समिति के अन्य सदस्यों के चयन का अधिकार मुख्यमंत्री को सौंपा गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि सरकार इस विषय को गंभीरता और प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना चाहती है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण और पारिवारिक विवादों जैसे विषयों में अलग-अलग धर्मों के आधार पर विभिन्न पर्सनल लॉ लागू होते हैं। यह व्यवस्था कई बार न्यायिक प्रक्रिया को जटिल बनाती है और समानता के सिद्धांत को प्रभावित करती है। सरकार का मानना है कि यूसीसी लागू होने से कानून व्यवस्था अधिक सरल, पारदर्शी और न्यायसंगत बनेगी। साथ ही यह महिलाओं और वंचित वर्गों को अधिक अधिकार देकर लैंगिक समानता को भी सुदृढ़ करेगी। गठित की जाने वाली समिति राज्य के नागरिकों, सामाजिक संगठनों और विषय विशेषज्ञों से व्यापक परामर्श करेगी। इसके लिए एक वेब पोर्टल के माध्यम से भी सुझाव आमंत्रित किए जाने की संभावना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। समिति द्वारा प्रस्तुत सिफारिशों के आधार पर तैयार प्रारूप को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा।

हालांकि, इस पूरी कवायद के बीच सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दा राज्य की लगभग 32 प्रतिशत आदिवासी आबादी को लेकर है। फिलहाल सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आदिवासी समुदाय को यूसीसी के दायरे में शामिल किया जाएगा या उससे बाहर रखा जाएगा। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट परंपराएं, रीति-रिवाज, खान-पान और सामाजिक ढांचा होता है, जो मुख्यधारा के कानूनों से काफी अलग होता है। ऐसे में उन्हें एक समान कानूनी ढांचे में समाहित करना किसी भी सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है।

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इस निर्णय पर सवाल उठाते हुए विशेष रूप से आदिवासी समुदाय को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि यदि यूसीसी लागू किया गया, तो इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव आदिवासी समाज पर पड़ सकता है। उन्होंने यह सवाल उठाया है कि क्या पेसा कानून यथावत रहेगा, क्या पांचवीं अनुसूची के तहत पंचायतों को प्राप्त अधिकार सुरक्षित रहेंगे, और क्या विशेष संरक्षित जनजातियों—जैसे बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, अबुझमाड़िया, भुंजिया और पांडा—को प्राप्त संवैधानिक संरक्षण में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी पूछा है कि क्या आदिवासियों के सामुदायिक भूमि अधिकारों पर



इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

समान नागरिक संहिता का मूल उद्देश्य देश के सभी नागरिकों के लिए, धर्म या समुदाय की परवाह किए बिना, विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और संपत्ति से संबंधित मामलों में एक समान कानून लागू करना है। इसका उद्देश्य कानून के समक्ष समानता को बढ़ावा देना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य को यह निर्देश दिया गया है कि वह सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करे। यह विषय लंबे समय से राजनीतिक विमर्श का हिस्सा रहा है और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चुनावी वादों में शामिल रहा है। संविधान सभा में इस मुद्दे पर हुई बहस में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था।वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना की किताब ..इंडिया अर्थात भारत.. के अनुसार संविधान सभा में इस मसले पर हुई चर्चा में डॉ.आंबेडकर ने कहा था, " हमारे देश में धर्म का दायरा जन्म से मृत्यु तक फैला है। यहां ऐसी कोई चीज नहीं है, जो धर्म न कही जाय। अगर हम निजी कानूनों की रक्षा करते हैं तो सामाजिक परिवर्तन के मामलों में हमें यथास्थितिवादी बनकर रहना होगा। यह कोई असाधारण बात नहीं है कि हम धर्म की सीमा निर्धारित करें। जिस समान नागरिक संहिता की जरूरत को सुप्रीम कोर्ट कई मौकों पर निर्देशित कर चुका है ,उसकी जरूरत संविधान निर्माण के दौरान ही अनुभव की गई थी। तब आंबेडकर ने इस ओर इशारा किया था, " धर्म को उन रीति रिवाजों तक सीमित किया जाए जो मूलतः धार्मिक हैं। यह आवश्यक नहीं है कि उत्तराधिकार और स्वामित्व के कानून भी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर निर्धारित हों।" भारत में गोवा एक ऐसा राज्य है जहां ऐतिहासिक रूप से नागरिक संहिता लागू है। हालांकि यह पूर्ण रूप से समान नागरिक संहिता नहीं है, क्योंकि इसमें कुछ समुदायों के लिए विशेष प्रावधान मौजूद हैं। स्वतंत्रता के बाद उत्तराखंड पहला राज्य बना जहां जनवरी 2025 से यूसीसी लागू हुआ। इस कानून में अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। इसमें विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप से संबंधित मामलों में समान नियम लागू किए गए हैं। साथ ही बहुविवाह पर प्रतिबंध और लिव-इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण भी शामिल है। इसमें विवाह के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित की गई है और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर दंड का भी प्रावधान है। मार्च 2026 में गुजरात विधानसभा ने भी यूसीसी विधेयक पारित किया, जिससे वह उत्तराखंड के बाद यह कानून लागू करने वाला दूसरा राज्य बन गया। गुजरात में भी यह कानून विवाह, तलाक, संपत्ति और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े मामलों में समान नियम लागू करता है। इसमें बहुविवाह पर पूर्ण प्रतिबंध और लिव-इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण शामिल है। यहां भी अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। इन दोनों राज्यों के अनुभव छत्तीसगढ़ के लिए मार्गदर्शक हो सकते हैं, विशेषकर तब जब यहां आदिवासी आबादी का प्रतिशत अधिक है। उत्तराखंड में जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी लगभग 2.9 प्रतिशत है, वहीं गुजरात में यह आंकड़ा लगभग 14.8 प्रतिशत है। इसके मुकाबले छत्तीसगढ़ में आदिवासी आबादी लगभग 32 प्रतिशत है, जो इस मुद्दे को और अधिक जटिल और संवेदनशील बना देता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गठित की जाने वाली समिति के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वह समानता और विविधता के बीच संतुलन स्थापित करे। एक ओर संविधान की भावना के अनुरूप समान कानून की आवश्यकता है, तो दूसरी ओर देश की सांस्कृतिक विविधता और आदिवासी समुदायों के विशेष अधिकारों की रक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। स्पष्ट है कि समान नागरिक संहिता केवल एक कानूनी सुधार नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। इसे लागू करते समय संवेदनशीलता, संवाद और सहमति को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। छत्तीसगढ़ की यह पहल तभी सार्थक मानी जाएगी जब यह समानता के सिद्धांत को मजबूत करते हुए विविधता के सम्मान को भी अक्षुण्ण रख सके।

# अक्षय तृतीया पर भगवान के रथ की हुई पूजा, रथ निर्माण का कार्य आज से प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 अप्रैल।** अक्षय तृतिया के शुभ अवसर पर जगन्नाथ मंदिर परिसर में खड़े भगवान जगन्नाथ जी की रथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई। रथ पूजा के साथ ही आज से रथ निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। प्रतिवर्ष अक्षय तृतिया तिथि पर ही रथ की पूजा की जाती है। रथ पूजन के साथ ही रथ यात्रा उत्सव का आगाज भी हो जाता है।





गौरतलब है कि हर वर्ष अक्षय तृतिया के शुभ दिन पर ही भगवान जगन्नाथ के रथ की पूजा का विधान है। आज 20 अप्रैल को अक्षय तृतिया के खास मौके पर नगर के जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी केदारनाथ मिश्रा ने सुबह 7 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रथ निर्माण शुभारंभ पूजा अर्चना की और भगवान से रथ निर्माण के लिए आज्ञा मांगी। आज भगवान परशुराम जी का भी जन्मोत्सव है। मंदिर के पुजारी केदारनाथ मिश्रा ने जानकारी देते बताया कि अक्षय तृतिया के खास मौके पर आज सुबह रथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई। आज से रथ बनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि जगन्नाथ मंदिर स्थापना के बाद से नगर में बीते 5 वर्षो से गोंचा पर्व पर रथ यात्रा निकाली जा रही है। नगर में रथयात्रा का यह 6 वां वर्ष होगा जब हर साल की भांति इस साल भी 16 जुलाई को अषाढ शुक्ल पक्ष के द्वितिया तिथि पर धुमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी।

# अक्षय तृतीया पर घरों में हुई मां गौरी व भगवान विष्णु की पूजा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 अप्रैल।** आज अक्षय तृतीया का शुभ दिन है। अक्षय तृतीया पर गणेश गौरी व भगवान विष्णु के पूजा का विधान है अक्षय तृतिया पर भक्त आज अपने अपने घरों में पूजा पाठ एवं तप, जप, होम अनुष्ठान आदि मंगल कार्य कर करने में जूटे हुए हैं।

गौरतलब है कि हर साल बैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 19 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल की सुबह 7 बजकर 18 मिनट तक अक्षय तृतीया का योग था। अक्षय तृतिया तिथि पर सोने के आभूषण खरीदने का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि यदि अक्षय तृतिया पर सोना चांदी व अन्य चीजों की खरीददारी की जाए, तो आर्थिक लाभ के साथ साथ घर में बरकत भी होती है। माना जाता है कि अक्षय तृतीया के दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं उसका अक्षय फल मिलता है इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। अक्षय तृतिया के शुभ अवसर पर जातकों ने मां लक्ष्मी गौरी व भगवान विष्णु की विधिवत् पूजा की । जल से भरे घड़े, फल फूल, आदि पूजन सामग्रियां भगवान को अर्पित किए। मान्यतानुसार इसी दिन सृष्टि का शुभारंभ हुआ था तथा भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। यह भी मान्यता है कि इस दिन किया हुआ जप, तप, दान सौ गुना फलदायी होता है। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, वास्तु पूजा के लिए काफी शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया पर खास तौर पर तिल, जौ और चावल के दान का विशेष महत्व है। जप, तप, दान, होम तथा पितरों का श्राद्ध करने से अक्षय पुण्य फल प्राप्त होता है। अक्षय तृतिया तिथि पर शादियां भी खूब होती है। शुभ मुहूर्त होने के चलते अक्षय तृतिया के दिन ज्यादातर शादियां, गृह प्रवेश समेत नवीन प्रतिष्ठानों की पूजा ओपनिंग एवं अन्य शुभ कार्य भी होते हैं। महिलाएं आज तृतिया पर जमकर सोने चॉदी के आभूषण खरीदारी करती दिखीं। ज्वेलर्स की दुकानों में सोना चांदी खरीदने महिलाओं की भारी भीड़ रही। सोना महंगा होने के बावजूद भी सोने की खरीदारी करने महिलाएं दुकानों में पहुंचती रही।

## एक नजर

### धारदार हथियार लहराकर डराने पर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई



**राजनांदगांव, 20 अप्रैल।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी जशवंत गावडे निवासी बोर्टलाव रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 18/04/26 को करीबन 9 बजे रात्रि पडोस का सुकलाल नेताम पिता स्व0 पवार सिंह नेताम निवासी बोरतलाव घर के सामने आकर गंदी- गंदी गाली गलौज कर, एक धारदार चाकू को दिखाकर लहरा कर डरा रहा था । प्रार्थी अपने घर अंदर घुसा तो आरोपी सुकलाल नेताम भी उसके पीछे चाकू लेकर घुस गया, प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध 24/2026 धारा 296, 333, 331(6) 25 ,27 आर्म्स एक्ट0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री अंकिता शर्मा जिला राजनांदगांव के निर्देशानुसार, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर , पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री केसरी नंदन नायक के मार्गदर्शन में आरोपी के पता तलाश किया गया आरोपी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया उसके कब्जे से धार दार हथियार बरामद किया गया आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड में भेजा गया उक्त कार्यवाही में सउनि गोकुल सोनकर, आर0 268, 1027 की सराहनीय योगदान रहा ।

### अधूरे एवं अप्रारंभ कार्य 15 जून से पहले पूर्ण करने सीईओ ने दिया निर्देश

**कोरबा, 20 अप्रैल ।** शनिवार को जनपद पंचायत पोड़ीउपरोड़ा में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग के द्वारा निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में स्कूल भवन, आंगनबाड़ी, शौचालय सहित मनरेगा, डीएमएफ एवं अभिसरण मद के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति का आंकलन किया गया।

समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर सीईओ ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसियों एवं उप अभियंताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री नाग ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 15 जून के पूर्व सभी अप्रारंभ एवं अधूरे कार्यों को हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने जनपद पंचायत, सीईओ, आरईएस एसडीओ, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तायुक्त कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, उप अभियंता, तकनीकी सहायक एवं अन्य तकनीकी अमले को प्राथमिकता के आधार पर अधूरे एवं अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सरपंच,सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ आरईएस, सब इंजीनियर, तकनीकी सहायक, सचिव आदि उपस्थित रहे।

# जन्मदिन में पारिवारिक विवाद के चलते साले और भाभी ने जीजा को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**जशपुर,20 अप्रैल।** बागबहार थाना क्षेत्र के फरसाटोली गांव में एक जन्मदिन की रात खूनी वारदात में बदल गई, जहां पारिवारिक विवाद ने इतना खतरनाक मोड़ लिया कि छोटे साले और भाभी ने मिलकर अपने ही जीजा को लात-मुक्कों और डंडे से बेरहमी से पीट दिया, और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, इस सनसनीखेज मामले में कोतबा चौकी पुलिस ने तेजी दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, मृतक की पहचान 40 वर्षीय मुरली राम यादव के रूप में हुई है, जबकि आरोपी शिवकुमार यादव (35 वर्ष) और मिथिला यादव (37 वर्ष) को पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है, घटना 30 मार्च 2026 की रात की है जब मृतक अपने बेटे का जन्मदिन मनाने के बाद अपनी पत्नी के मायके पहुंचा, जहां पहले से चल रहे पारिवारिक तनाव ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, बताया जा रहा है कि प्रेम विवाह के चलते मृतक और ससुराल पक्ष के बीच अक्सर विवाद होता था, उसी पुरानी रंजिश के चलते उस रात करीब 11 बजे नशे की हालत में पहुंचे मुरली राम का अपने छोटे साले और भाभी से विवाद हुआ, देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई और आरोपी शिवकुमार ने मुरली राम को जमीन पर पटक दिया, उसके सीने और पेट पर चढ़कर बेरहमी से लात-घूंसे बरसाए, वहीं मिथिला यादव ने भी डंडे से हमला कर दिया, पत्नी के बीच-बचाव के बाद आरोपियों ने उसे छोड़ा लेकिन तब तक गंभीर चोटें लग चुकी थीं, आधी रात को किसी तरह घर लौटे मुरली राम की हालत अगले दिन बिगड़ गई, पत्नी उसे इलाज के लिए कोतबा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उड़ीसा के सुंदरगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन 4 अप्रैल को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया, मामले में सुंदरगढ़ पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के बाद केस को जशपुर पुलिस को सौंपा।

# नहर निर्माण में गुणवत्ता पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने जताई चिंता

**रामानुजगंज, 20 अप्रैल ।** रामानुजगंज क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा भाला गिरवानी नहर परियोजना के अंतर्गत लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से कंक्रीट नहर का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना से भाला और विजयनगर के सैकड़ों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है।

हालांकि, निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अब स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नहर का एक बड़ा हिस्सा निर्माण के दौरान ही क्षतिग्रस्त हो चुका है, जो गुणवत्ता में कमी की ओर संकेत करता है। स्थानीय किसानों-सरवन सोनी, इफ्तेखार खान, विनीत गुप्ता और रामकुमार धुर्वे-ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही उन्होंने कई बार लिखित और मौखिक रूप से अधिकारियों को घटिया निर्माण की जानकारी दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि अधिकारी केवल औपचारिकता निभा रहे हैं।किसानों के अनुसार, कंक्रीट नहर निर्माण में पानी का उचित उपयोग (पटाई) नहीं किया जा रहा है, जिससे संरचना कमजोर हो रही है। साथ ही, इस्तेमाल हो रहा निर्माण सामग्री भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग के इंजीनियर मौके पर नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते और ठेकेदार के तकनीकी कर्मचारी भी साइट पर नहीं दिखते।

# बुजुर्ग महिला हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, रिश्तेदार निकले कातिल

**बलरामपुर, 20 अप्रैल ।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम सिधमा में जमीन विवाद को लेकर रिश्तेदारों ने वृद्धा पर जानलेवा हमला किया. इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गई. पुलिस ने वारदात में शामिल आधा दर्जन रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया है. सभी जेल दाखिल कर दिए गए हैं. पूरा मामला बरियो पुलिस चौकी का है. जानकारी के अनुसार, बरियो पुलिस चौकी में प्रार्थी कुलन रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 15 अप्रैल को बेटा और बहू के साथ घर के समीप बाड़ी में लगाए मूंगफली फसल से घास निकालने गए थे जबकि पत्नी राजी बाई और नतनी पायल घर में थी. शाम 5 बजे नतनी पायल दौड़कर आई और बताई की दादी के साथ मारपीट कर रहे है, जिस पर कुलन तत्काल बेटा और बहू के साथ घर पहुंचे तो देखा संजय, उसकी पत्नी परमेश्वरी उर्फ पनेसरी, सरस्वती उर्फ बुधो, राजकुमारी उर्फ जुईया, उसका पति चैतू और फुलकुंवर सभी लोग जमीन हिस्सा बंटवारा को लेकर मारपीट कर रहे थे।

परिजन ने बीच बचाव किया तो सभी मौके से फरार हो गए, 16 अप्रैल को जब परिजन भतीजा के फलदान कार्यक्रम में गए थे. तभी बेटा अमृत ने बताया कि मां की तबीयत ज्यादा खराब हो गई. जब तक परिजन घर पहुंचे तब तक वृद्धा की मौत हो चुकी थी. पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू की. मर्ग जांच उपरांत पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया. पुलिस ने घटना में शामिल ग्राम सिधमा निवासी संजय मानिकपुरी आ. रामभरोस मानिकपुरी (31 वर्ष), परमेश्वरी उर्फ पनेसरी पति संजय मानिकपुरी (28 वर्ष), भेलवाडीह निवासी सरस्वती उर्फ बुधो पति सियाराम उम्र (40 वर्ष), रजपुरी निवासी राजकुमारी उर्फ जुईया पति चैतू मानिकपुरी (45 वर्ष), चैतू मानिकपुरी आ.स्व. सुधीर मानिकपुरी (45 वर्ष) और ग्राम कोट गहना निवासी फुलकुंवर पति मोहन मानिकपुरी (50 वर्ष) को गिरफ्तार किया. पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है.

# आशीर्वाद समारोह से गायब दूल्हे ने किया सुसाइड

**धमतरी, 20 अप्रैल ।** जिले के कुरूद थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शादी के दूसरे ही दिन दूल्हे ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम कन्हारपुरी निवासी सिद्धेश्वर कंवर (28) पुत्र रामजोहन कंवर का विवाह 16 अप्रैल को महासमुंद के पास ग्राम डोकरपाली में संपन्न हुआ था। बारात के लौटने के बाद 17 अप्रैल की रात कन्हारपुरी में आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और दोनों पक्षों के स्वजन शामिल हुए। समारोह देर रात तक चलता रहा, जिसके बाद सिद्धेश्वर अपने कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो स्वजनों ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर खिड़की से देखा गया तो वह फांसी पर लटका मिला।

## समाचार संक्षेप

# गाज गिरने से 9 मवेशियों की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 20 अप्रैल।** भैरमगढ़ ब्लॉक में रविवार की शाम अचानक मौसम में बदलाव के बीच तेज गरज-चमक के साथ बारिश हुई। उसी दौरान उसपरी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 9 मवेशियों की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब सभी मवेशी महुआ पेड़ के नीचे विचरण कर रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम के समय अचानक बादल घिर आए और तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी। इसी दौरान एक जोरदार बिजली गिरने से मौके पर ही 9 मवेशियों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। मृत मवेशियों में से पशुपालक लच्चू माड़वी के 5, दसूराम ओयम के 2, विक्रम जायसवाल के 2 मवेशी शामिल है।सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने पीड़ित पशुपालकों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। साथ ही लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों पर न जाने और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की अपील की गई है।

# एनएसयूआई ने छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर विधायक अजय चंद्राकर के कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**धमतरी, 20 अप्रैल ।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला धमतरी के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर कुरुद विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

विधायक अजय चंद्राकर की अनुपस्थिति में उनका ज्ञापन उनके कार्यालय में निज सहायक को सौंपा गया।

एनएसयूआई ने बताया कि पिछले कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। छात्र अपनी समस्याओं को प्रभावी रूप से रखने के लिए मंच से वंचित हैं, जिससे शैक्षणिक संस्थानों में संवादहीनता की स्थिति बन रही है।एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि छात्र संघ छात्रों के नेतृत्व विकास और अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसकी बहाली आवश्यक है।ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई ने मांग की है कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव शीघ्र बहाल किए जाएं एवं चुनाव प्रक्रिया की स्पष्ट समय-सारणी घोषित की जाए।संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में निर्णय नहीं लिया गया, तो छात्रहित में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।इस अवसर पर लोकेश साहू, देवेंद्र सिन्हा, सूरज सिन्हा, कीर्तन साहू, नवीन साहू, सुदीप सिन्हा, तामेश्वर भोयर एवं रोशन वंदे उपस्थित रहे।

### वन वाटिका परिसर में चला विशेष स्वच्छता अभियान, पॉलिथीन मुक्त रखने पर जोर

**रामानुजगंज, 20 अप्रैल ।** रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में आज वन परिक्षेत्राधिकारी डॉ. दिलरुबा बानो के नेतृत्व में वन वाटिका परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में विभाग के समस्त कर्मचारी एवं वन सुरक्षा श्रमिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।अभियान के दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी डॉ. दिलरुबा बानो ने परिसर की स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वन वाटिका क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्यटकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।उन्होंने वन वाटिका में आने वाले पर्यटकों से भी अपील की कि वे परिसर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा इधर-उधर न फैलाएं। साथ ही, उन्होंने पॉलिथीन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध को लेकर सख्त निर्देश जारी किए और वन क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त बनाए रखने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा जताई।डॉ. बानो ने कहा कि स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### रायपुर-कोरबा नेशनल हाइवे में भीषण हादसा

**बिलासपुर,20 अप्रैल।** तखतपुर. रायपुर-कोरबा नेशनल हाइवे में समलपुरी ब्रिज के पास रविवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया है. तेज रफ्तार ट्राला अज्ञात वाहन में जा घुसा. हादसा इतना भीषण था कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के बाद ट्राला में आग लग गई. दर्दनाक हादसे में चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई. मृतक की पहचान झारखंड निवासी अरविंद भारद्वाज के रूप में हुई है. पूरी घटना सकरी थाना क्षेत्र की है।जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची है. आवाजाही सुचारू रूप से जारी रहे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 20 अप्रैल।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, आईटीआई एवं पालिटेक्नीक संस्थाओ में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से शिक्षा सत्र 2025-26 के तहत 12वीं से उच्चतर कक्षाओं हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 21 अप्रैल 2026 तक वेबसाईट http:postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। वहीं संबंधित संस्थाओं द्वारा 19 अप्रैल 2026 तक ड्राफ्ट प्रस्ताव लाक करने तथा 21 अप्रैल 2026 को सेंसन ऑरर्डर लाक किया जाएगा। उक्त निर्धारित तिथियों के बाद शैक्षणिक सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन स्वीकृत नही किये जाएंगे और ड्राफ्ट प्रस्ताव अथवा स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। नियत तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नही करने पर छात्रवृत्ति से वंचित रहने वाले छात्र-छात्राओं के लिए संबंधित संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

# महतारी वंदन योजना: सीएससी केंद्रों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से निःशुल्क ई-केवाईसी की सुविधा

**कोरबा, 20 अप्रैल ।** महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार 30 जून 2026 तक जिले के चिन्हांकित सी.एस.सी. केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस/सी.एस.सी. केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। योजना के अंतर्गत कार्यरत सीएससी-व्हीएलई को सीएससी-एसपीव्ही कार्यालय रायपुर के माध्यम से प्रति पूर्ण कार्य 9.84 रुपये का कमीशन सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा।

# पानी टंकी में तकनीकी खराबी आने से नगर के 5 वार्डों में पानी सप्लाई ठप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 अप्रैल।** अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच अचानक बीती शाम से नगर के कई वार्डो के नलों में पानी सप्लाई ठप पड़ गया है जिसके चलते भरी गर्मी में लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। बताया गया कि आंधी हवा आने से पानीटंकी की बिजली कनेक्शन बोर्ड में एक फेस में खराबी आ गई जिसके चलते बीते 20 घंटों से घरों में पानी सप्लाई नहीं हो पाया है। इसकी जानकारी टंकी प्रभारी द्वारा नगर पालिका सीएमओ को बीती शाम ही दे दी गई थी बावजुद लापरवाह एवं अकर्मण्य नगर पालिका प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोती रही। बीती शाम भी पानी सप्लाई बंद रहा तो लोगों को लगा था कि सुबह की पाली में पानी नलों में आ जाएगा मगर ऐसा नहीं हुआ। सुबह 7 बजे जब लोगों ने अपने घरों का नल खोला तो पानी आया ही नहीं। काफी इंतजार करने के बाद भी जब नलों में पानी नहीं आया तो लोग हैंडपंपों की ओर रूख करने लगे और किसी तरह नहाने एवं पीने की पानी का इंतजाम करते दिखे। लापरवाही की हद तो तब और भी ज्यादा हो गई जब पानी सप्लाई बंद होने के बावजूद पालिका ने प्रभवित वार्डो में जलापूर्ति के लिए टैंकर भेजना जरूरी नहीं समझा।





गौरतलब है कि बीती शाम से पानी टंकी कनेक्शन बोर्ड का एक फेस उड़ जाने से दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर- 11, 12, 13, 14 एवं 15 में पानी सप्लाई ठप पड़ा है। पानी सप्लाई बंद होने से भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए हलाकान होते रहे। पानी सप्लाई कब तक चालू हो पाएगा यह जानने के लिए वार्डवासियों ने वार्ड पार्षदों एवं नगर पालिका के अधिकारियों को फोन लगाया तो किसी जवाबदार ने यह स्पष्ट नहीं बताया कि पानी सप्लाई कब तक चालू हो पाएगा। पीड़ित वार्डवासी हैंडपंपों में जाकर पानी भरने को मजबूर दिखाई पड़े। पानी सप्लाई में जब भी कोई समस्या आती है तो नगर पालिका द्वारा टेंकरों से पानी सप्लाई की जाती है ताकि आम जन को पानी की समस्या न हो पाए। मगर आज टैंकर भी सुबह वार्डो में नहीं पहुंचे। लोग इंतजार करते रह गए मगर पालिका का टैंकर प्रभावित वार्डो में नहीं आया। जिन लोगों के घरों में बोर की व्यवस्था थी उन लोगों ने आस पडोस के घरों में अपने बोर कनेक्शन से पानी देकर एक दुसरे की मदद की तब कहीं जाकर जलापूर्ति हो पाई। जिनके घरों के आसपास हैडपंप था या बोर कनेक्शन था उनके घरों तक तो किसी तरह पानी पहुंच गया मगर जिनके घरों के पास ना तो हैंडपंप ही था और ना ही आसपास कोई बोर कनेक्शनधारी, ऐसे लोगों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ा। मगर इससे नगर पालिका की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा। नगर पालिका की अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को भी आम वार्डवासियों की तकलीफ दिखाई नहीं पड़ी ना ही ये जनप्रतिनिधि पानी की समस्या को दूर करने की दिशा में कोई कारगर कदम उठाते दिखे। जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखाई पडा लोगों ने इन मौका परस्त जनप्रतिनिधयों को जमकर कोसा और भविष्य में ऐसे लोगों को वोट न देने की बात भी कही।

मैं विभागीय कार्य से बाहर हूं। कल शाम से पानी टंकी की सप्लाई बोर्ड में प्राब्लम आया है । एक फेस बंद है जिसके वजह से टंकी में पानी नहीं चढ़ पाया है। हमने बिजली विभाग के अधिकारियों से फोन पर संपर्क किया है। वे जल्द ही तकनीकी खराबी को दूर कर देंगे जिसके बाद पानी सप्लाई शुरू हो जाएगा।
प्रभावित वार्डो में हमने नल जल प्रभारी को टैंकरों से तत्काल पानी सप्लाई करने का आदेश दिया है। पानी की समस्या नहीं आएगी।

**(व्ही.के.एस. पालदास)**
**सीएमओ,**
**नगर पालिका दंतेवाड़ा**

# दहशत के साये में जोबी-खम्हार पलगड़ा घाटी बेखौफ चल रहे सड़क पर रेत तस्करों के ट्रैक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ, 20 अप्रैल।** जोबी से खम्हार पालगड़ा घाटी का सफर इन दिनों आम राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। ऊंचे पहाड़ और खतरनाक घुमावदार मोड़ों वाली इस सड़क पर रेत तस्करों के ट्रैक्टर काल बनकर दौड़ रहे हैं। रफ्तार इतनी तेज कि सामने से आने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों की रूह कांप जाती है। हैरानी की बात यह है कि शासन-प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध कारोबार और ओवरस्पीडिंग पर कोई लगाम नहीं है।

पालगड़ा घाटी अपनी भौगोलिक बनावट के कारण बेहद संवेदनशील है। यहाँ कई जगहों पर सडक़ काफी संकरी और अंधा मोड़ वाली है। नियमों को ताक पर रखकर रेत से लदे ट्रैक्टर इन मोड़ों पर भी अपनी गति कम नहीं करते। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रेत तस्कर पकड़े जाने के डर से या ज्यादा फेरे लगाने के चक्कर में ट्रैक्टरों को इतनी लापरवाही से चलाते हैं कि अन्य वाहनों को सडक़ से नीचे उतरना पड़ता है। क्षेत्र में चर्चा है कि रेत तस्करों को न तो कानून का भय है और न ही किसी बड़ी दुर्घटना का। घाटी के ऊपर आए दिन होने वाली इस आवाजाही से सडक़ भी जर्जर हो रही है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि खनिज विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की सुस्ती के कारण इन तस्करों के हौसले बुलंद हैं। क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी या जानमाल की हानि के बाद ही जागेगा। क्षेत्र की जनता ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि पालगड़ा घाटी मार्ग पर तत्काल पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और ओवरस्पीड व अवैध रेत परिवहन करने वाले ट्रैक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी मासूम की जान न जाए।

## वेदांता पावर प्लांट हादसे में मृतकों की संख्या हुई 24

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ, 20 अप्रैल।** वेदांता पावर प्लांट हादसे में घायल एक और श्रमिक ने भी रविवार को सुबह मेडिकल कालेज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जिससे अब मृतकों की संख्या 24 पहुंच गई है। उल्लेखनीय है कि सक्ती जिला के ग्राम सिंघीतराई में स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भीषण ब्लास्ट मामले में घायलों का फिर से मौत होना शुरू हो गया है। ऐसे में मेडिकल कालेज अस्पताल में दो श्रमिकों का इलाज चल रहा था। ऐसे में जहां शनिवार को वेस्ट बंगाल निवासी सुब्रतो जेना की मौत हो गई थी तो वहीं कालड़ा अस्पताल में भर्ती एक मरीज ने दम तोड़ दिया था। वहीं शनिवार शाम से ही उत्तर प्रदेश के सोनभद्र निवासी मनीष कुमार यादव की भी तबीयत नाजूक होने लगी थी और रविवार को सुबह करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। इससे मृतकों की संख्या 24 हो गई है। ऐसे में अब मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों ने एक-एक कर दम तोड़ दिया है। वहीं घटना की सूचना पर रविवार को चक्रधरनगर पुलिस ने शून्य में मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

## एक नजर

### शिविर आयोजन कर बाल विवाह के संबंध में लोगों को जागरूक किया



**छुईखदान, 20 अप्रैल (तछसं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव श्री विजय कुमार होता के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव श्री निलेश जगदला के नेतृत्व में तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष /न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छुईखदान श्री ईशान व्यास के मार्गदर्शन में पी.एल.व्ही श्री सनील कुमार द्वारा ग्राम पंचायत एटीकसा मे उपस्थित ग्रामीणो को निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दिया गया तथा विशेष रूप से बाल विवाह, घरेलू हिंसा , नशा मुक्ती , साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दिया गया तथा वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड से हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए जिससे साइबर फ्रॉड से होने वाले ठगी से बचा जा सके तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में कॉल करके जानकारी ले सकते हैं। पी.एल.व्ही श्री सनील कुमार द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित बहुत सारे योजनाओं जैसे की नालसा (तस्करी और वाणिज्य यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवा ) योजना 2015, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा )योजना 2016 , इत्यादि के संबंध में जानकारी दिया तथा आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 09 मई 2026 को आयोजन किया जाएगा जिसमें राजीनामा योगय के मामले को आपसी राजीनामा तथा भाईचारा से अपने प्रकरण का जल्द से जल्द निराकरण कर सकते हैं जिसमें ना किसी की जीत और ना किसी के हर होती हैं। किसी भी व्यक्ति को निशुल्क कानूनी सालहा लेनी है तो नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 मे फोन करके जानकारी ले सकते हैं ।

### एसआईएस लिमिटेड कर रहा जिले में सुरक्षा जवान भर्ती शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव 20 अप्रैल ।** जिले में एसआईएस लिमिटेड द्वारा 16 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा जवानों के पंजीयन एवं भर्ती शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके तहत 16 अप्रैल को बागनदी, 17 अप्रैल को बोरतालाव एवं 18 अप्रैल को डोंगरगढ़ में शिविर का आयोजन किया गया।

इसी तरह 20 अप्रैल को जोब, 21 अप्रैल को गैंदाटोला, 22 अप्रैल को छुरिया, 23 अप्रैल को तुमड़ीबोड़, 24 अप्रैल को डोंगरगांव तथा 25 अप्रैल को रक्षित आरक्षी केन्द्र राजनांदगांव में सुरक्षा जवानों के पंजीयन एवं भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एसआईएस लिमिटेड द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्रालय अंतर्गत सिविल डिफेंस डायरेक्टरेट नई दिल्ली के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया गया है। इसके तहत कंपनी अपने 3 लाख से अधिक कर्मचारियों को एडीआरएफ सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों एवं संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षित कर देश सेवा के लिए सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में तैयार करती है। एसआईएस लिमिटेड देश की प्रमुख मल्टीनेशनल सुरक्षा कंपनियों में से एक है, जो भारत सरकार द्वारा पारित प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी (रेगुलेशन) एक्ट-2005 अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करती है।

# भूमिपुत्र की कृषि भूमि पर सफेद जहर की परत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,20 अप्रैल।** जिले के घरघोड़ा ब्लॉक अंतर्गत टेड़ा नावपारा में कृषि भूमि पर फ्लाई ऐश डंपिंग का मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन और पर्यावरण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस जमीन पर कुछ ही महीनों पहले धान की फसल लहलहा रही थी, आज उसी खेत को औद्योगिक कचरे के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, स्थानीय किसान सनत कुमार राठिया की भूमि, जो हाल ही में फसल उत्पादन के लिए उपयोग में लाई गई थी, अब शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स बिंजकोट द्वारा फ्लाई ऐश डंपिंग के लिए प्रयोग की जा रही है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या किसान ने स्वेच्छा से अपनी उपजाऊ जमीन को डंपिंग के लिए दिया है या उस पर किसी प्रकार का दबाव बनाया गया है।गौरतलब है कि हाल ही में



विधानसभा में इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने पर्यावरण विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठाए थे। विपक्ष के विधायक उमेश पटेल ने आरोप लगाया था कि विभाग न तो सही जानकारी दे रहा है और न ही प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। वहीं वित्त मंत्री ने सदन में स्पष्ट किया था कि कृषि एवं वन भूमि पर फ्लाई ऐश डंपिंग नियमों के विरुद्ध है और इसे किसी भी स्थिति में अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बावजूद घरघोड़ा क्षेत्र में हो रही डंपिंग गतिविधियां सरकारी दावों के विपरीत नजर आ रही हैं। नियमानुसार फ्लाई ऐश का निपटान केवल निर्धारित लो-लाइंग क्षेत्रों या खदानों में किया जाना चाहिए, लेकिन यहां उपजाऊ खेतों में इसका उपयोग किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, फ्लाई ऐश में मौजूद भारी धातुएं मिट्टी की उर्वरता को नुकसान पहुंचाती हैं और भूजल को भी प्रदूषित कर सकती हैं, जिससे लंबे समय में कृषि और मानव स्वास्थ्य दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।इस पूरे मामले में स्थानीय प्रशासन और पर्यावरण विभाग की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि संबंधित भूमि का निरीक्षण किया गया है या नहीं, और यदि यह कृषि भूमि है तो डंपिंग की अनुमति किस आधार पर दी गई।यदि समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्र की उपजाऊ भूमि बंजर में तब्दील हो सकती है और किसानों की आजीविका पर गहरा संकट उत्पन्न हो सकता है।बहरहाल देखना होगा कि पुरे मामले में जिला प्रशासन और सम्बंधित विभाग स्थानीय प्रशासन कोई कार्रवाई करता है या फिर आँख मुंद कर किसानों का बदहाली का पूरा खेल तमाशा देखते रहेगा।

### 25.60 लाख के फोन बिहार-कोलकाता सहित कई जिलों में थे सक्रिय

# 128 गुम मोबाइल तलाश कर पुलिस ने लौटाए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,20 अप्रैल।** पुलिस ने गुम और चोरी हुए 128 मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके असली मालिकों को वापस सौंपा है। इन मोबाइलों को बिहार, कोलकाता समेत कई जिलों से ट्रैक कर बरामद किया गया। रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में मोबाइल स्वामियों को फोन लौटाए गए। उल्लेखनीय है कि साइबर व थाना टीम को सीईआईआर पोर्टल से मिली शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 128 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस किए गए। जो बिहार, कोलकाता के अलावा कोरबा, जांजगीर और रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़, घरघोड़ा, पूंजीपथरा, तमनार, छाल और खरसिया क्षेत्रों में उपयोग किए जा रहे थे। जिससे पुलिस ने करीब 25 लाख से ज्यादा कीमत के मोबाइल बरामद किया। इन बरामद मोबाइलों में वीवो, ओप्पो, रेडमी, पोको, रियलमी, वनप्लस, सैमसंग और मोटोरोला जैसे महंगे ब्रांड शामिल हैं। इनकी कुल कीमत करीब 25 लाख 60 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। इससे पुलिस ने रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर मोबाइल के वास्तविक मालिकों को सौंप दिया है।

**गुम मोबाइल रखना अपराध**

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने मोबाइल वितरण के दौरान कहा कि आज के समय में मोबाइल केवल बातचीत का साधन नहीं, बल्कि बैंकिंग, दस्तावेज और निजी यादों का अहम हिस्सा बन चुका है। इससे गुम मोबाइल को रखना अपराध के श्रेणी में आता है, ऐसे में यदि किसी को गुम मोबाइल मिले तो उसे नजदीकी थाना या साइबर थाना में जमा कर कानूनी कार्रवाई से बचना चाहिए, लेकिन इसके बाद भी अगर कोई जानबुझ कर गुम व चोरी के मोबाइल का उपयोग करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।वहीं मोबाइल वितरण कार्यक्रम कई ऐसे लोग पहुंचे थे जिन्होंने अपने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दिए थे। ऐसे में उनका फोन वापस मिलने पर भावुक नजर आए और पुलिस टीम का आभार जताया।

## अवैध रेत परिवहन कर रहे पांच टैक्टर जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,20 अप्रैल।** जिले में अवैध रूप से रेत कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। मांड नदी पर रानीगुड़ा, लेबड़ा, उसरौट सहित अन्य घाट हैं जहां से रेत माफिया धड़ल्ले से रेत निकाल कर सप्लाई कर रहे हैं।

खनीज विभाग द्वारा यदा कदा छोटी मोटी कार्रवाई कर अपने कर्तव्यों की पूर्ति कर ली जाती है और बड़े मगरमच्छ पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। रविवार को भी खनीज विभाग की टीम ने रानीगुड़ा और डूमरपाली घाट से पांच ट्रेक्टर पकड़ कर रस्म अदायगी पूरी की है। रानीगुड़ा और लेबड़ा में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेक्टर से रेत ढूलाई कर डम्प की जा रही जिसे 10 चक्का वाहनों से सप्लाई किया जाता है। 10 चक्का वाहन मालीक बड़े रेत माफिया हैं जिन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है जिससे इन रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

# केवाईसी के अभाव में महीनों से राशन बंद,ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव,20 अप्रैल।** जिले के डोंगरगांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपेडीह और आश्रित ग्राम आलीखुटा सहित आसपास के गांवों में राशन वितरण व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। केवाईसी (चङ्खष्ट) अपडेट नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पिछले 7-8 महीनों से राशन नहीं मिल पा रहा है। परेशान हितग्राही आखिरकार अपनी समस्या लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच गए जहां उन्होंने अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन दुकानों में केवाईसी प्रक्रिया पूरी न होने के कारण उन्हें अनाज नहीं दिया जा रहा। एपीएल कार्डधारियों के मामले में यदि परिवार के किसी एक सदस्य का केवाईसी नहीं हुआ है तो पूरे परिवार को राशन से वंचित कर दिया जा रहा है। वहीं बीपीएल कार्डधारियों को आंशिक राहत मिल रही है जहां अन्य सदस्यों को राशन दिया जा रहा है लेकिन यह भी पूरी तरह नियमित नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन दुकानों में सिस्टम चालू नहीं है



कहकर केवाईसी प्रक्रिया टाल दी जाती है। इस कारण लोग बार-बार राशन दुकान, जनपद पंचायत कार्यालय और लोक सेवा केंद्र के चक्कर काटने को मजबूर हैं, इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार कई परिवार पिछले 5 से 7 महीनों से बिना राशन के जीवन यापन कर रहे हैं, गरीब परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। हितग्राहियों ने बताया कि वे पहले भी जनदर्शन कार्यक्रम और समस्या निवारण शिविर में अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। स्थिति से तंग आकर हितग्राही कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और खाद्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। कलेक्टर की अनुपस्थिति में उन्होंने अपर कलेक्टर शर्मा जी से मुलाकात कर अपनी समस्याएं विस्तार से बताईं और शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान श्रीमती रामहीन बाई निषाद, उमेंद्र सिंह साहू, हरक साहू, जितेन चंद्रवंशी नरेंद्र कंवर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। उनके साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, लिकेश गंधर्व और बोधन साहू भी समर्थन में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर चावल उत्सव जैसे कार्यक्रमों का प्रचार कर रही है जबकि जमीनी स्तर पर गरीबों को महीनों से राशन नहीं मिल रहा, उन्होंने इसे केवल दिखावा बताते हुए कहा कि ÷गरीबों के घर में चावल नहीं है और योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है।÷ ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि केवाईसी प्रक्रिया को तुरंत पूरा कराया जाए, राशन वितरण नियमित किया जाए और तकनीकी समस्याओं को शीघ्र दूर किया जाए ताकि जरूरतमंद परिवारों को समय पर खाद्यान्न मिल सके। डोंगरगांव ब्लॉक के इन गांवों में राशन संकट अब गंभीर रूप ले चुका है, यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता तो यह समस्या और गहराती जाएगी और गरीब परिवारों के लिए जीवनयापन और कठिन हो जाएगा।

### गुडरूडीह जंगल में हो रहे मुरूम उत्खनन का सीमांकन जरूरी: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,20 अप्रैल।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग.शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने गुडरूडीह में प्रस्तावित से अधिक क्षेत्रफल में मुरूम का अवैध उत्खनन भारत माला परियोजना कार्य में लगे कंपनी द्वारा कराए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस अवैध उत्खनन को शासन- प्रशासन की मौन सहमति भी बताया है। चंद्राकर ने कहा कि भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण कार्य के लिए गुडरूडीह (तुमगाँव) के जंगलों से अंधाधूंध मुरूम उत्खनन किया जा रहा है। यहां मुरूम खनन के लिए कंपनी ने प्रस्ताव लिया था, लेकिन, प्रस्तावित घनमीटर से लगभग 10 गुना अधिक क्षेत्रफल में मुरूम की अवैध खुदाई की गई। इसके अलावा गाँव के ही अन्य स्थान पर उत्खनन किया जा रहा।

## सिमगा में परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा,20 अप्रैल।** नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की प्रतिमा के अभिषेक और पूजा के साथ हुई उसके बाद भगवान श्री सत्यनारायण के कथा का श्रवण पान किया गया इसके पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और भक्तों की टोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालु भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुए।



समारोह के दौरान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंचीय कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा आवश्यक इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआनगरवासियों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

## कलेक्टर ने जनगणना फील्ड प्रशिक्षण का निरीक्षण कर व्यवस्था का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 20 अप्रैल ।** आगामी 1 मई से प्रारंभ होने वाली जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज सागरपारा राजनांदगांव क्षेत्र में फील्ड प्रशिक्षण का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके लिए प्रगणकों को घर-घर जाकर सही जानकारी संकलित करने का अभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोग जागरूक हैं और



सहयोग कर रहे हैं, जिससे कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि 1 मई से मुख्य जनगणना कार्य प्रारंभ होगा, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी प्रगणक पूर्ण दक्षता के साथ कार्य करें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

सागरपारा राजनांदगांव में आयोजित फिल्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि इस बार जनगणना कार्य पूर्णत- डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए प्रगणकों को मोबाइल ऐप के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में परिवार की जानकारी, आवास की स्थिति, संचार सुविधाएं तथा घर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे शौचालय आदि से संबंधित जानकारी को ऐप में दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही डेटा प्रविष्टि के दौरान आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि जनगणना देश के विकास की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगामी 15 दिनों के भीतर नागरिक स्व-गणना की प्रक्रिया का भी उपयोग कर सकते हैं तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी देकर सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी श्री प्यारेलाल नाग, नायब तहसीलदार श्री राकेश नागवंशी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ नगरी-सिहावा ने वितरित किए 150 हेलमेट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 20 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ नगरी-सिहावा के बैनर तले सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम रोकथाम को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान तथा 150 निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन 18 अप्रैल शनिवार को दोपहर 3 बजे आत्मानंद स्कूल परिसर नगरी में किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत धमतरी अध्यक्ष अरुण सार्वा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने की। विशिष्ट अतिथियों में नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) विपिन रंगारी, जिला मुख्य सलाहकार एवं वरिष्ठ पत्रकार जीवन नाहटा, वरिष्ठ पत्रकार सलाहकार किशन मगेन्द्र, ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव, कमल डागा, जिले के पत्रकारगण एवं नगर के पार्षदगण शामिल रहे।

कार्यक्रम में डीगेश साहू, रौनक नाहटा, रजक नाहटा, अनिल वाधवानी, ऑटो संघ, पटेल ऑटो, मंशाराम साहू, राजेश तलेवार, शैलेंद्र यादव, छोटू सूर्यवंशी एवं गौरव ऑटो सहित अनेक लोगों ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने अपने उद्बोधन में सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर अपराधों की रोकथाम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सावधानीपूर्वक वाहन चलाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। समाज में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति तथा तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पत्रकार संघ का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बलजीत छाबड़ा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। छोटी-छोटी लापरवाहियां भी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट का अनिवार्य उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### एसडीओपी विपिन रंगारी ने दिलाई शपथ, दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील



इस अवसर पर एसडीओपी विपिन रंगारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल कानूनी नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है और समाज को कमजोर बना रहा है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होना चाहिए।

साइबर अपराधों के संबंध में उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि डिजिटल युग में अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल संबंधित विभाग एवं पुलिस को सूचना दें।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं अक्सर तेज रफ्तार, नशे की हालत में वाहन चलाने एवं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिससे कई परिवारों की खुशियां उजड़ जाती हैं। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले लोगों को शासन द्वारा सहयोग राशि भी प्रदान की जाती है। लोगों से मानवता के नाते आगे बढ़कर घायलों की सहायता करने की अपील की गई।

अतिविशिष्ट अतिथियों में जिला प्रभारी ललित साहू, संभागीय सचिव रायपुर गोपी कश्यप, जिला अध्यक्ष रूपेश साहू, शैलेन्द्र लाहौरिया, वरिष्ठ पत्रकार उत्तम साहू, जिला संरक्षक टोमनलाल सिन्हा, जिला महासचिव घनश्याम साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य विजयलक्ष्मी कश्यप, ब्लॉक सलाहकार उत्तम साहू, जयलाल प्रजापति, धमतरी शहर अध्यक्ष चुनेश साहू, जिला सहसचिव दुर्गेश साहू, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण साहू, मगरलोड ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वर बंटी सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप साहू, ब्लॉक महासचिव नारद साहू, मीडिया प्रभारी राजू पटेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजू गोस्वामी, निक्कू दीवान, जितेंद्र मंडावी, ब्लॉक कोषाध्यक्ष मिथिलेश पटेल, जय किशन साहू, सह सचिव प्रवीण साहू, चंद्रभान साहू, जीवन साहू, भूषण नेताम, महेंद्र नेताम, मनीष यादव सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेन्द्र लाहौरिया एवं शिक्षकगण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### फिर बदला ड्रेस कोड, कोल इंडिया के निर्णय पर प्रश्नचिन्ह

**कोरबा 20 अप्रैल।** मुश्किल से 1 साल पहले ही कोल इंडिया ने अपनी सभी कंपनियों के एग्जीक्यूटिव और एम्पलाइज के लिए ड्रेस कोड लागू किया था। एक वर्ष के बाद ही इसे बदल दिया गया। ऐसे में कोल इंडिया के बड़े अफसर के निर्णय पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या टेक्सटाइल्स कंपनियों के साथ उन्होंने कोई अनुबंध कर रखा है। एक वर्ष पहले पुरुष कर्मियों के लिए नेवी ब्लू शर्ट और ब्लू पेंट एवं महिलाओं के लिए डार्क ब्लू पट्टी के साथ स्काई ब्लू साड़ी को ड्रेस कोड बनाया गया था। इसके लिए कर्मचारियों को अधिकतम 12000 रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई थी। 1 वर्ष भी इस ड्रेस कोड को नहीं चलाया गया और आप फिर से दूसरा ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। इसके अंतर्गत ब्लैक पेंट फ्लाई अश कलर की शर्ट तथा इसी से मिलता जुलता ड्रेस कोड महिलाओं के लिए निर्धारित किया गया है। कोरबा जिले के मामले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के गिनती के कर्मचारियों ने कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का बेहतर उपयोग किया। जबकि अधिकांश कर्मचारियों ने दोयम दर्जे की ड्रेस तैयार कराई और दुकानदारों से सेटिंग कर बिल की व्यवस्था करने में सफलता हासिल की। नवीन ड्रेस कोड लागू होने के बाद एक बार फिर कर्मचारियों की बल्ले बल्ले होना है। इनमें से ज्यादा खुश हैं जिनका सेवानिवृत्ति कालखंड काफी नजदीक है। अब कोल इंडिया के ड्रेस कोड संबंधित निर्णय को लेकर दूसरी कंपनियों में चर्चा चल रही है कि उसके अधिकारियों को दिमाग देता कौन है।

### गेवरा-दीपका में धूल प्रदूषण से जनजीवन प्रभावित हो रहा

**कोरबा 19 अप्रैल।** जिले के गेवरा-दीपका क्षेत्र में इन दिनों धूल प्रदूषण ने विकराल रूप ले लिया है, जिससे आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के बीच सड़कों पर पानी का छिड़काव नहीं होने से हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक सड़कों पर धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे पूरा क्षेत्र कोहरे जैसी स्थिति में नजर आता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पहले संबंधित निजी कंपनियों द्वारा नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाता था, जिससे धूल पर कुछ हद तक नियंत्रण बना रहता था। लेकिन पिछले कुछ समय से यह व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ गई है। इसके चलते सड़कों से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धूल के कारण लोगों में सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, खांसी और एलर्जी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका गंभीर असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर घरों के अंदर तक धूल भर जाती है, जिससे रहन-सहन भी प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया है कि शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन की टीम मुस्तैद रही

## 5 प्रकरणों में 8 नाबालिगों का रुकवाया विवाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल।** अक्षय तृतीया पर विवाह हेतु शुभ मुहूर्त होने तथा बहुतायत में विवाह होने पर बाल विवाह की बलवती संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में विवाहों का सतत् परीक्षण करने का निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड हेल्पलाईन एवं पुलिस थानों की 3 टीम अक्षय तृतीया के दिन एवं उसके दूसरे दिन के गठित की गई है। उक्त टीम द्वारा बलौदाबाजार जिले के सभी विकासखण्ड़ों में जाकर हो रहे विवाहों के वर - वधु की आयु का परीक्षण किया जा रहा है। कुल 5 प्रकरणों में 8 लोगों के हो रहे बाल विवाह को रोका गया है एवं एक मामलें में भारतीय न्याय संहिता, लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम एवं दूसरे मामलें में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों में प्रकरण भी संबंधित थानों में दर्ज कराकर वैधानिक कार्यवाही भी की गई है।



प्रथम दिवस 19 अप्रैल 2026 को पलारी, कसडोल एवं सिमगा विकासखण्ड के ग्रामों में हो रहे विवाह का निरीक्षण टीम के द्वारा किया गया। जिसमें सिमगा विकासखण्ड के ग्राम चैरेंगा एवं बछेरा में नाबालिग बालकों का विवाह करने का प्रकरण सामने आया जिस पर दोना पक्षो को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी प्रदान कर परिजनों को बाल विवाह नही करने के लिए तैयार किया गया एवं घोषणा पत्र में हस्ताक्षर कराए गए। इस प्रकार अक्षय तृतीया के दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा चार विवाह की आयु पूर्ण नही किए लोगों के बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही की गई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ राज्य 31 मार्च 2029 तक बनाए जाने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रशासन द्वारा अब समझाईश देने के साथ दांडिक प्रकरण भी दर्ज किए जा रहे है। बाल विवाह के बालिकाओं पर पड़ने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक दुष्प्रभावों से बचाने एवं उन्हे सुरक्षित एवं उज्जवल भविष्य प्रदान करने के लिए प्रषासन के द्वारा अब सख्ती से कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। जिला बाल संरक्षण इकाई की पूरी टीम के द्वारा उक्त आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई गई।

## समाचार संक्षेप

### तेज हवा और बंदर के कूदने से जैतखाम टूटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल।** 19 अप्रैल को सायं 05:15 बजे किसी व्यक्ति के माध्यम से सोशल मीडिया व्हाट्सएप में वायरल एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें थाना गिधपुरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोहारडीह में एक जैतखाम के टूटने का दृश्य प्रदर्शित हो रहा था। उक्त वीडियो को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैंप कसडोल एवं निरीक्षक उनेश देशमुख थाना प्रभारी गिधपुरी सहित पुलिस बल तत्काल घटनास्थल ग्राम बोहारडीह पहुंचा। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का प्रारंभिक एवं सुक्ष्म परीक्षण करने पर उक्त जैतखाम बहुत पुरानी पतले लकड़ी का होना पाया गया, जिसके तेज हवा आने अथवा बंदर के कूदने से प्रथम दृष्टया टूटना प्रतीत हो रहा है। इसके साथ ही ग्रामवासियों एवं जैतखाम स्थल के आसपास निवासरत ग्रामीणों से भी इस संबंध में विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें उनके द्वारा आज सुबह तक जैतखाम के सही स्थिति में होना बताया गया एवं उनके द्वारा भी तेज हवा चलने एवं बंदर आदि के कूदने से जैतखाम के टूटने की संभावना बताई जा रही है।

तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा ग्रामवासियों के सांथ घटनास्थल जांच कर पंचनामा भी तैयार किया गया है। इस संबंध में सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी भी माध्यम में किसी भी प्रकार से अनाधिकृत रूप से किसी प्रकार का मिथक, भडकाऊ बयान अथवा घटनास्थल का वीडियो आदि वायरल ना करें एवं किसी भी प्रकार का अफ्वाह ना फैलावे। ऐसा करने वाले या घटनास्थल के संबंध में वीडियो आदि वायरल कर दुष्प्रचारित करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध समुचित धाराओं में कडी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लाक अध्यक्ष ने जारी की कार्यकारिणी की सूची

**तिल्दा नेवरा, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैन्दू की अनुमति से तथा पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं बलौदा बाजार विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, की सहमति एवम जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण के अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने तिल्दा ग्रामीण ब्लॉक कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने सभी नवनिर्वाचित/नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि: कांग्रेस संगठन को मजबूत करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यह कार्यकारिणी जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाएगी और संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक सशक्त बनाएगी। नई कार्यकारिणी के सभी साथियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आइए, एकजुट होकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में फिर से मजबूत करें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण के अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने कहाआप सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं, आप सभी अपने पद की गरिमा को रख कर पार्टी हित के लिए कम करे।




## अवैध उत्खनन व परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई

### डेढ़ महीने में 204 प्रकरणों में 58 लाख अर्थदंड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी और कार्रवाई क़ी जा रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के कड़े निर्देश पर खनि प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही क़ी जा रही है। लगभग डेढ़ माह में खनिजो के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के 204 प्रकरणों में 58 लाख रुपए का अर्थदंड प्रस्तावित है।





खनि प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत डेढ़ में खनिज विभाग के द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न खनिजों सहित खनिज अवैध उत्खनन के 141 एवं अवैध परिवहन के 63 प्रकरण खनिज अधिनियम के तहत् पंजीबद्ध किया गया है। इसमें अवैध ईट निर्माण के 138, रेत के 1 एवं मुरूम के 2 प्रकरण शामिल हैं।खनिज रेत के अवैध परिवहन के 55, खनिज चूनापत्थर के 6, ईट के 2 प्रकरण दर्ज कर खान एवं खनिज (विकास तथ विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 (1) 23 (ख), सहपठित छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 एवं छत्तीसगढ़ खनिज (उत्खननन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के नियम 4(3) के प्रावधानो के तहत उक्त प्रकरणों पर 58 लाख रूपये अर्थदंड राशि प्रस्तावित किया गया है।

### महिला आरक्षण नहीं बीजेपी बचाओ बिल ध्वस्त हुआ : कमल महान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल।** देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में भाजपा के मंसूबों पर पानी फिर गया। 2023 में पारित हो चुके 33त्न महिला आरक्षण में परिसिमन की आड़ में बीजेपी अपना राजनैतिक हित साधना चाह रही थी, इसे ही विपक्ष ने ख़ारिज करवाया है। यह बातें कहते हुए आम आदमी पार्टी के बलौदाबाजार विस. के प्रमुख कार्यकर्त्ता कमल महान ने कहा कि 12 साल में यह पहला अवसर है जब मोदी सरकार की संसद में हार हुई है।



पार्टी के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर डहरिया ने कहा कि यह भाजपा की चाल थी जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया, वरिष्ठ साथी भरतसिंह चौहान के अनुसार बीजेपी खुद नहीं चाहती महिला आरक्षण इसी कारण बहाने बाजी कर इसे टालना चाहती है। आप के लोकसभा उपाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग ने कहा कि महिला आरक्षण तो 23 में लागू हो चुका है जिसे सरकार ने 16अप्रैल 26 को नोटिफिकेशन किया है फिर सरकार डीलिमिटेशन का अड़ंगा क्यों लगा रही थी इसका मतलब ये खुद ही महिलाओं को उनका अधिकार नहीं देना चाहती। जिला संगठन मंत्री दिलीप फेकर ने कहा कि मोदी सरकार संसद की लगभग 300 सीटें बढ़ाकर देश पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालना चाहती थी, इतने के साथ राज्यसभा की लगभग 100 सीटें बढ़ती और उसी अनुपात में राज्यों की विधानसभाओं में क़रीब 2400 सीटें बढ़ जाती, क्या देश इसके लिए तैयार है? मोदी सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जिसका महंगाई, बेरोज़गारी और अर्थव्यवस्था से कोई मतलब नहीं है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202604092200030**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- वरिन्दर सिंग भाटिया,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वरिन्दर सिंग भाटिया पिता स्व. मंजीत सिंग जाति सिक्ख निवासी वार्ड नम नम्बर 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र रमिन्दर सिंग भाटिया पिता वरिन्दर सिंग भाटिया का जन्म दिनांक 05/10/1999 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04/05/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़



**न्यायालय तहसीलदार नगरी जिला धमतरी**

क्रमांक/614/वा./तह./2026
नगरी, दिनांक 08/04/2026

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम नागरिकों को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी के द्वारा पत्र क्रमांक 1951/न.प./राजस्व/2025-26 नगरी दिनांक 30/03/2026 के माध्यम से ग्राम नगरी प.ह.नं. 23 तहसील नगरी जिला धमतरी स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 61/1 रकबा 4.1153 हे. का भाग रकबा 0.03 हे. को व्यवसायिक परिसर चौपाटी दुकान निर्माण हेतु आबंटन किये जाने की मांग की गई।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो, वे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत सुनवाई दिनांक 24/04/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
नगरी


**परशुराम की जयंती पर्व पर विशेष**

# नारी सम्मान, युवा अभिमान ही ब्राह्मण समाज की पहचान

✍ पंडित नरेंद्र मालूराम शर्मा

**तिल्दा-नेवरा, 20 अप्रैल।** तिल्दा नेवरा में लगभग 60 वर्षों पहले अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की स्थापना करने वाले महान व्यक्तित्व आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृतियाँ और उनके द्वारा स्थापित यह समाज आज भी जीवंत है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी की जयंती तिल्दा नेवरा स्थित परशुराम भवन में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। एक समय ऐसा था जब समाज के अग्रणी पंडित मालूराम शर्मा रमन शर्मा पंडित सूरज मल जी पंडित योगानंद गुलाब शर्मा रामावतार पांडे दुबे पटवारी सहित सुवा लाल शर्मा शंकर शंभू लाल शर्मा ऐसे अनेक लोग उपस्थित रहे है ने वरिष्ठ जनों के सहयोग से लगभग 60 वर्ष पूर्व अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की स्थापना की। स्वर्गीय डॉ. शर्मा, मुन्ना लाल शुक्ल, गंगाधर झा एवं अन्य प्रतिष्ठित ब्राह्मणों ने मिलकर परशुराम जयंती जैसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया।



वर्ष 1986 से 1990 के बीच जब केशव प्रसाद शर्मा तिल्दा में पदस्थ हुए, तब नेवरा मंडी सचिव के माध्यम से उनकी मुलाकात पंडित मालूराम शर्मा से हुई। इसके बाद परशुराम जयंती को और भी व्यापक और भव्य रूप में मनाने की शुरुआत की गई, जिसे समाज ने पूरे उत्साह और जोश के साथ आगे बढ़ाया।

## वरिष्ठजनों ने दिया एकता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 20 अप्रैल।** ब्राह्मण समाज एकता एवं संगठन अभियान के अंतर्गत ब्राह्मण समाज को संगठित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से तिल्दा नेवरा में समाज के वरिष्ठजनों द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का आह्वान किया गया।

वरिष्ठ सदस्यों ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करते हुए कहा कि आज के समय में एकता ही किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि सभी लोग मिलकर एक दिशा में कार्य करें, तो शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक विकास और युवा मार्गदर्शन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति संभव है।

इस अवसर पर एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा, समाज की मजबूती आपसी सहयोग और संवाद में निहित है। हमें अपने मतभेद भुलाकर एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा, तभी हम आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर वातावरण तैयार कर पाएंगे।

वरिष्ठजनों ने यह भी बताया कि बदलते समय के साथ अपनी परंपराओं और मूल्यों को संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है। एक मंच पर आने से संवाद बढ़ेगा और समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान में भी आसानी होगी।

इस पहल के तहत भविष्य में नियमित बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम एवं जागरूकता अभियान आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। विशेष रूप से युवाओं को इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वे समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

अंत में समाज के वरिष्ठजनों ने सभी समाजजनों से अपील की कि वे इस एकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज को मजबूत एवं संगठित बनाने में अपना योगदान दें।

# परशुराम जन्मोत्सव पर विप्रजनों ने बांटी छाछ



**रायपुर, 20 अप्रैल।** अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राजधानी में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। सिविल लाइन स्थित गॉस मेमोरियल के पास मां काली मंदिर के समक्ष विप्रजनों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती कर भगवान परशुराम और मां काली को भोग अर्पित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पूजन-अर्चना के पश्चात विप्रजनों द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए राहगीरों के बीच छाछ का वितरण किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने छाछ ग्रहण कर राहत महसूस की। गर्मी के इस दौर में इस प्रकार का सेवा कार्य लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुआ और आमजन ने आयोजकों की इस पहल की सराहना की।

पंकज मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान परशुराम के आदर्श न्याय, साहस और धर्मरक्षा हम सभी के जीवन में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने इन आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज सेवा, परोपकार और मानवता की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया गया।

उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सेवा भाव को भी प्रोत्साहित करते हैं। भीषण गर्मी के बीच छाछ वितरण जैसे छोटे-छोटे प्रयास भी लोगों को बड़ी राहत प्रदान करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। प्रमुख रूप से सरयूपारी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, रामसहोदर गुप्ता, अभिषेक शर्मा, योगेश तिवारी, कुणाल दुबे, सूरज शुक्ला, शांतनु झा, संस्कार पांडेय, भावेश शुक्ला, अमित शर्मा, सैफ शाह, संतोष राव, पंकज ठाकुर, आदर्श राव शिंदे, आयुष दुबे, तनिष्क मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

PICTURE-स्टोरी




**रायपुर, 20 अप्रैल।** शंकर नगर इलाके में पेयजल संकट बरकरार है। इससे पीड़ित नागरिकों ने आज खाली मटका लेकर जोन कार्यालय का घेराव किया।

## एक नजर

### नाले की कराई गई सफाई

**रायपुर, 20 अप्रैल।** नगर पालिक निगम के जोन 3 में प्राप्त स्वच्छता सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए निर्देशानुसार निर्देश रायपुर नगर पालिक निगम जोन 3 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार ताण्डी की उपस्थिति में नगर निगम जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत शंकर नगर में बालाजी उद्यान के समीप नाला की जेसीबी मशीन बुलवाकर अपने सामने विशेष सफाई करवाई और भारी मात्रा में गन्दगी और कचरा बाहर निकलवाते हुए नाले का निकास जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु सुगम बनाया और कचरा और गन्दगी का तत्काल परिवहन करवाते हुए स्वच्छता कायम करवाते हुए इस सम्बन्ध में प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया.

### अक्षय तृतीया से व्यापार में नई ऊर्जा का संचार : कैट

**रायपुर, 20 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर परवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंथन, वासु माखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी व्यापारिक गतिविधियों में उत्साहपूर्ण बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रदेश के वार्षिक व्यापार एवं उद्योग चक्र की सकारात्मक शुरुआत का भी संकेत देता है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर परवानी ने बताया कि इस वर्ष अक्षय तृतीया पर प्रदेश भर के सराफा, रिटेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल एवं अन्य उपभोक्ता क्षेत्रों में अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। बदलते समय के साथ उपभोक्ताओं का रुझान पारंपरिक खरीद के साथ-साथ स्मार्ट एवं वैल्यू-आधारित निवेश की ओर भी बढ़ा है, जिससे बाजार में संतुलित और स्थायी विकास का वातावरण बन रहा है।

### सीएम से पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापना की मांग

**रायपुर, 20 अप्रैल।** राजपूत छत्रिय चौहान समाज छत्तीसगढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर समाज में व्याप्त गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। समाज के केंद्र अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष बेनू राम चौहान संगठन मंत्री नंदकुमार चौहान राज अध्यक्ष ढाल सिंह जामुल चौहान, राज उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान राज अध्यक्ष उत्तम सिंह चौहान बेरला, घनश्याम सिंह चौहान, डोमार सिंह चौहान मनोनीत कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह चौहान एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि स्वयंभू अध्यक्ष गणेश सिंह व उसके सहयोगियों ने समाज पर अवैध कब्जा कर रखा है। फर्जी चुनाव के माध्यम से पद हथियाया गया है।सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया कि गणेश सिंह जिसके घर विवाह होता है, उससे समाज की एनओसी के नाम पर 10 से 50 हजार रुपये तक की अवैध वसूली करता है। पैसा न देने पर शादी तुड़वाने या पूरे परिवार को समाज से बहिष्कृत करने की धमकी दी जाती है। उन्होंने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित करने की मांग क है।

### निलंबित श्रमिकों को काम पर वापस लेने की मांग

**रायपुर, 20 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सीमेंट स्टील एवं खदान कल्याणकारी श्रमिक संघ के संरक्षक शंकर सिंह निर्मलकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट ग्रुप प्रतिवर्ष 240 मिलियन टन सीमेंट उत्पादन कर विश्व में नंबर एक बन चुका है और इसका उत्सव भी मनाया जा रहा है रात्रि भोज डीनर और भी कई कार्यक्रम आयोजित कर खुशियां मनाई जा रही है। इसमें छत्तीसगढ़ में अल्ट्राटेक सीमेंट की चार बड़ी सीमेंट कारखाने हैं और नंबर एक बनाने में इन्हीं चार सीमेंट उद्योगो की मुख्य भूमिका निभाई है। इसे नंबर एक तक पहुंचाने में यहां के श्रमिकों का मुख्य योगदान रहा है इसे नकारा नहीं जा सकता। इसके साथ ही अल्ट्राटेक सीमेंट छत्तीसगढ़ श्रमिकों के शोषण में भी नंबर एक पर पहुंच गया है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बैकुंठ सीमेंट वर्क्स जिसके बदौलत मैहर, मानिकगढ, सोनार बांग्ला, जैसे जगहों पर सीमेंट उद्योग खुला उसी बैकुंठ सीमेंट वर्क्स अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के श्रमिकों का भयंकर शोषण हो रहा है यहां वर्ष 2024 – 2025 का बोनस एग्रिसीया भी नहीं दिया गया इसके साथ ही श्रमिकों को काम से भी निकाला जा रहा है।

# काम्प्लेक्स की लिफ्ट में 20 मिनट फंसी रही एसीएस

रायपुर एयरपोर्ट जाने वाले श्रीराम मंदिर चौक (वीआईपी रोड चौक) स्थित करेंसी टावर में आज सुबह लगभग 6:30 बजे छत्तीसगढ़ शासन की एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ऋचा शर्मा लिफ्ट में फंस गई। बताया जा रहा है कि एसीएस ऋचा शर्मा करीब 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही

लिफ्ट के अंदर न तो पर्याप्त रोशनी थी और न ही हवा आने का कोई रास्ता, जिससे एसीएस को घबराहट होने लगी और उनकी हालत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, घबराहट के कारण वे रोने लगीं और काफी देर तक बदहवास रहीं।

सबसे गंभीर बात यह रही कि लिफ्ट के अंदर कोई इमरजेंसी अलार्म सिस्टम या हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध नहीं था, जिसके चलते मदद पहुंचने में काफी समय लग गया। अधिकारी ने किसी तरह अंदर से फोन कर प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया।

#### उर्जा सचिव को भी लगाया फोन

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया की महिला अधिकारी ने लिफ्ट के दौरान कांपलेक्स की बदहाली को लेकर राज्य के उर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव को भी काल करके जानकारी दी। पावर बैकअप, सोलर पावर नहीं होने आदि के विषय में भी जानकारी ली। काफी मशक्कत के बाद जब लिफ्ट का दरवाजा खोला गया तो अधिकारी बाहर निकलीं। लोगों का कहना है कि बिना हवा और रोशनी के इतनी देर तक बंद रहने के कारण उनकी हालत खराब हो गई थी और उन्हें संभलने में काफी समय लगा।

#### घबराहट के मारे रोना आ गया



#### नियमों का हो रहा उल्लंघन

प्रशासनिक नियमों के अनुसार, ऐसे बड़े कॉम्प्लेक्स में पावर बैकअप, इमरजेंसी लाइट, अलार्म सिस्टम और इमरजेंसी संपर्क नंबरों की जानकारी अनिवार्य होती है। लेकिन करेंसी टावर में ये सुविधाएं नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति बनी। कॉम्प्लेक्स में दुकान चलाने वाले और जिम आने वाले लोग रोजाना इस समस्या से जूझ रहे हैं। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य, नगर निगम और फायर सेफ्टी एजेंसियां इस मामले में क्या कार्रवाई करती हैं, या फिर रसूख के चलते यह मामला भी दबा दिया जाएगा।

#### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

बताया जा रहा है कि करेंसी टावर की 7वीं मंजिल पर जिम संचालित है, जहां स्थानीय लोगों के साथ बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी भी आते हैं। इस टावर में लिफ्ट फंसने की यह पहली घटना नहीं है। पहले भी कई बार लोग लिफ्ट में फंस चुके हैं और कुछ लोग बेसुध तक हो गए हैं। बावजूद इसके प्रबंधन द्वारा कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। स्थिति इतनी खराब है कि लिफ्ट का पंखा भी खराब बताया जा रहा है। अब जब राज्य शासन की बड़ी अधिकारी इस तरह लिफ्ट में फंसीं, तो करेंसी टावर की अव्यवस्थाओं की पोल खुल गई है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया




**रायपुर, 20 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दिवाकर तिवारी के अगुवाई महासचिव बिहारी लाल शर्मा, राहुल शर्मा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संध्या तिवारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नमन मिश्रा के साथ पूरी टीम ने सहयोग कर सुंदर नगर गेट पर भगवान परशुराम भगवान की पूजा अर्चना के साथ आरती की गई फिर मठा वितरण, फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस आयोजन में समाज के सभी संरक्षक विनय तिवारी, अशोक शर्मा, सुरेंद्र शुक्ला, दीवान सतीश शर्मा वरिष्ठ पदाधिकारी गण नागरिक, सामाजिक संस्थाएँ सभी ने आकर सहयोग किया। वार्ड की पार्षद सरिता आकाश दुबे, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, संदीप तिवारी, अपूर्व मिश्र, प्रणव तिवारी, अक्षय दीवान, शुभम शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, सुनीता शर्मा, साधना दुबे, पल्लवी शर्मा, सीमा शर्मा वंदना शुक्ला सभी मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया पर इक्षुरस से परमात्मा का स्नात्र पूजन

**रायपुर, 20 अप्रैल।** तीर्थंकर परमात्मा महावीर स्वामी के पंचम गणधर, पट्ट परम्परा के प्रथम महानायक, सुधर्मा स्वामी के पट्ट पर विराजित 82 वें वर्तमान पट्टधर गच्छनायक खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मूलनायक सीमंधर स्वामी व आदिनाथ भगवान का इक्षुरस से स्नात्र महोत्सव मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया के दिन प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का प्रवज्या ग्रहण करने के बाद लगातार 400 दिनों के उपवास का पारणा श्रेयांस कुमार के हाथों इक्षुरस से ही हुआ था। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि तीर्थंकर परमात्मा को भी अपने पूर्व कर्मों के उदय में आने के कारण 400 दिनों तक गोचरी में अन्न नही मिल सका था। पूरी घटना हमें जीवदया की प्रेरणा देती है। इस प्रत्यर्थ आज श्रावक श्राविकाओं ने मूक



पशुओं को चारा, भोज्य पदार्थ की जीवदया करने का संकल्प लिया है। प्रभु मुनिसुव्रत स्वामी जैन मंदिर व मणिधारी दादाबाड़ी, नवकार नगर द्वारा सीमधर स्वामी जैन मंदिर दादाबाड़ी ट्रस्ट की मंदिर की ईंट को निमंत्रण के प्रतीक स्वरूप देकर कल पत्रिका लेखन में आने का भाव भरा आग्रह किया अतः आज भैरव सोसाइटी में अध्यक्ष सन्तोष बैद व ट्रस्टीयों एवं भक्तगणों ने प्रातः 10 बजे शिला का अष्टप्रकारी पूजन कर नवकार नगर में स्थापित किया।

# वृद्धाश्रम में फल व खाद्य सामग्री का वितरण

**रायपुर, 20 अप्रैल।** कनिष्का फाउंडेशन रायपुर छत्तीसगढ़ की फाउंडर चेयरमैन खुशबू शर्मा की सुपुत्री कनिष्का शर्मा के जन्मदिवस पर सामाजिक सरोकार का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एक वृद्धाश्रम में बुजुर्गजनों के बीच फल एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा उनके साथ खुशियां साझा करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उनके स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इस आयोजन में खुशबू शर्मा, मनीषा सिंह, सीमा कटंनकार एवं कीर्ति ताम्रकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।



# अमलीडीह में सर्विस रोड निर्माण के लिए रमन सिंह ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर, 20 अप्रैल।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अमलीडीह फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड निर्माण को लेकर पहल करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखा है और आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है।



उन्होंने पत्र में बताया है कि रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि अमलीडीह फ्लाईओवर में चढ़ने-उतरने के लिए तीन दिशाओं में सामान्य सड़कें बनी हुई हैं, लेकिन खुशी-वाटिका कॉलोनी की ओर पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण मार्ग का निर्माण नहीं हो सका है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि वर्तमान में प्रचलित तीनों सड़कों का तत्काल उन्नयन किया जाए और खुशी-वाटिका की ओर मार्ग निर्माण की समस्याओं का समाधान नगर निगम, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कॉलोनी के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर निराकरण किया जाए।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अमलीडीह फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड बनने से देवेंद्रनगर, शंकरनगर, फाफाडीह, उरला, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट तक आवागमन सुगम होगा। साथ ही वीआईपी रोड और अमलीडीह मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा, जिससे समय और ईंधन की बचत होगी। डॉ. रमन सिंह ने जनहित को ध्यान में रखते हुए अमलीडीह फ्लाईओवर में चारों दिशाओं में सर्विस रोड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उप मुख्यमंत्री अरुण साव को निर्देशित करने का आग्रह किया है।

# ऑनलाइन सट्टे पर बड़ी कार्रवाई: तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 20 अप्रैल।** रायपुर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हर्षित मोटवानी, लकी पाहुजा और हनी गंगवानी के रूप में हुई है। तीनों आरोपी मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा संचालन कर रहे थे। मौके से मोबाइल फोन, डिजिटल रिकॉर्ड और सट्टे से जुड़ी अन्य सामग्री जब्त की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अलग-अलग मोबाइल नंबर और ऐप्स के जरिए सट्टा नेटवर्क चला रहे थे, ताकि पुलिस की नजर से बच सकें। एसीसीयू (क्राइम ब्रांच) टीम को लंबे समय से इस क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा संचालन की सूचना मिल रही थी। निगरानी के बाद पुख्ता जानकारी मिलने पर देर रात छापेमारी कर आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया।

पेयजल पर साव सख्त | धमतरी के ईई को निलंबित करने का आदेश

# शहरों की जरूरत के मुताबिक कार्ययोजना बनाकर करें काम



**रायपुर, 20 अप्रैल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री तथा डिप्टी सीएम अरुण साव ने नगर निगमों की समीक्षा बैठक में पेयजल व्यवस्था को लेकर कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगले वर्ष तक प्रदेश के सभी नगर निगमों में पेयजल संबंधी समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण होना चाहिए। साव ने कहा कि शहरों की जरूरत के मुताबिक कार्ययोजना बनाकर काम करें।

बैठक में डिप्टी सीएम ने अफसरों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी भी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या सामने आती है, तो संबंधित अफसरों की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी पेयजल संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें, न कि अस्थायी उपायों से काम चलाएं। समीक्षा के दौरान धमतरी नगर निगम में पेयजल योजना में हो रही लेटलतीफी पर डिप्टी सीएम ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से वहां के कार्यपालन अभियंता (ईई) को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना में देरी के लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने को भी कहा। डिप्टी सीएम ने बैठक में कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी निगम आयुक्तों और जल विभाग के अधिकारियों को फील्ड में उतरकर जमीनी हकीकत परखने और समयबद्ध कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

# नहरपारा सिंधी पंचायत ने मनाई परशुराम जयंती



**रायपुर, 20 अप्रैल।** नहरपारा सिंधी पंचायत ने झूलेलाल सदन नहरपारा में अक्षय तृतीया मनाई गई। नहरपारा झूललेलाल सदन में स्थित शंकर मंदिर में पूजा करके प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती भी मनाई गई तथा प्रसादी व मठा का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, मुखी हरनाम तलरेजा, मुखी बलराम पी. आहूजा, शंकर दानवानी, किशोर आहूजा, सुरेश बदेल रतन लिलानी, अमर वलेचा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# गोवर्धन नगर में भगवान परशुराम की महाआरती




**रायपुर, 20 अप्रैल।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राजधानी के गोवर्धन नगर परशुराम चौक में रायपुर नगर पालिक निगम के एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू, जोन 1 जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे विशेष अतिथि के रूप में भक्तजनों, विप्रजनों, महिलाओं, नवयुवकों, बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति में भजन संध्या, महाआरती, महाप्रसाद में सम्मिलित हुए. इस अवसर पर पूजा पण्डित भोला प्रसाद तिवारी ने करवाई.

रायपुर नगर पालिक निगम के एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू, जोन 1 जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने समस्त भक्तजनों, विप्रजनों, महिलाओं को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें दीं और सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शान्ति देने हेतु परमपिता परमेश्वर के दिव्य श्रीचरणों में विनम्र सामूहिक प्रार्थना की. विशेष अतिथियों ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन के प्रबंधन को सराहा.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26